शनिवार, 31 जनवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 27 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 06:16 | सूर्यास्त: 17:15 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** किसी के बारे में सब कुछ जान लेना, उसे फिर से अजनबी बना देता है।



राहुल ने राष्ट्रपति के 'ऐट होम' कार्यक्रम में 'गमोसा' नहीं पहनकर पूर्वोत्तर का अपमान किया : शाह पृष्ठ 7




# 'स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड'

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश, नहीं तो मान्यता होगी रद्द

### मासिक धर्म मौलिक अधिकार का हिस्सा

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त में बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी पैड दिए जाएं। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मेंस्ट्रुअल हेल्थ यानी मासिक धर्म स्वास्थ्य के अधिकार के तहत संविधान में दिए गए जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। स्कूली बच्चियों के स्वास्थ्य से जुड़े आदेश पर अदालत ने कहा है कि अगर सरकारें स्कूली छात्राओं को टॉयलेट और मुफ्त सैनेटरी पैड देने में फेल होती हैं, तो उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच



ने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने पर यह आदेश दिया है।

**प्राइवेट स्कूलों को 'सुप्रीम' चेतावनी**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अगर प्राइवेट स्कूल लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग शौचालय और सैनेटरी पैड देने में फेल होते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने कहा, 'मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अगर प्राइवेट स्कूल ये सुविधाएं देने में विफल रहते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।'

**अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश**

इसी के साथ अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी स्कूलों में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है। वहीं सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूलों में महिला और पुरुष छात्रों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बता दें कि शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की किशोर छात्राओं के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में केंद्र सरकार की 'स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता नीति' को पूरे भारत में लागू करने की मांग की गई।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से बांग्लादेश में सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने को कहा

**ढाका :** अमेरिका ने शुक्रवार को बांग्लादेश में अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया, जिसमें उनसे सतर्क रहने और भीड़ से बचने को कहा गया, क्योंकि चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक हिंसा या चरमपंथी हमले हो सकते हैं। बांग्लादेश स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक परामर्श में अपने नागरिकों को प्रदर्शनों से दूर रहने और किसी भी बड़े जमावड़े के आसपास सावधानी बरतने का निर्देश दिया है।

# पीयूष पांडे पश्चिम बंगाल के नये कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त

**राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले शीर्ष पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल**

**सुप्रतिम सरकार कोलकाता पुलिस के नये आयुक्त नियुक्त**

**आकाश मघारिया हावड़ा पुलिस के नये आयुक्त नियुक्त**



सुप्रतिम सरकार | पीयूष पांडे

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने शुक्रवार को पीयूष पांडे को राज्य पुलिस के कार्यवाहक डायरेक्टर जनरल (डीजीपी) के तौर पर राजीव कुमार का उत्तराधिकारी बनाया। राजीव कुमार शनिवार को सर्विस से रिटायर होने वाले हैं। इसी समय, राज्य सरकार ने मौजूदा कोलकाता पुलिस कमिश्नर की जगह नए कमिश्नर की घोषणा भी की है। कोलकाता के नए पुलिस प्रमुख सुप्रतीम सरकार होंगे, जो अभी एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (दक्षिण बंगाल) हैं। मौजूदा कोलकाता पुलिस कमिश्नर, मनोज कुमार वर्मा, अब डायरेक्टर (सिक्योरिटीज) होंगे। मौजूदा एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (लॉ एंड ऑर्डर), जावेद शमीम अब एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (स्पेशल टास्क फोर्स) होंगे। एसटीएफ के एडीजी और आईजीपी विनीत कुमार गोयल को एडीजी (कानून व्यवस्था) के पद पर तैनात किया गया है, साथ ही उन्हें भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के एडीजी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को दूरसंचार विभाग का एडीजी बनाया गया है, विशाल गर्ग को एडीजी के पद पर पदोन्नत कर साइबर सेल में तैनात किया गया है। अनुज शर्मा को अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं का महानिदेशक बनाया गया है, जबकि नटराजन रमेश बाबू को होम गार्ड्स का प्रमुख बनाया गया है। प्रवीण कुमार त्रिपाठी, जो अभी हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर हैं, अब बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर बनेंगे। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के मौजूदा कमिश्नर अब बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर होंगे। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के मौजूदा कमिश्नर, मुकेश, मुर्शिदाबाद और जंगीपुर रेंज के इंस्पेक्टर जनरल होंगे। अमित पी. जवलगी, जो अभी चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर हैं, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (बर्दवान रेंज) होंगे। सैयद वकार रजा, जो मुर्शिदाबाद रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस हैं, अब नदिया और रानाघाट रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस होंगे। कंकर प्रसाद बरुई, जो डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (टेलीकम्युनिकेशंस) हैं, अब डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (करेक्शनल सर्विसेज) होंगे। श्याम सिंह, जो बर्दवान रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस हैं, नए डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (टेलीकम्युनिकेशंस) होंगे। आलोक राजोरिया, जो पश्चिम बंगाल पुलिस के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (ट्रैफिक) हैं, बारासात रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस होंगे। आकाश मघारिया, जो प्रेसिडेंसी रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस हैं, हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर होंगे। भास्कर मुखर्जी, जो बारासात रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस हैं, प्रेसिडेंसी रेंज के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस होंगे। डेविड इवान लेप्चा, जो राज्य सशस्त्र पुलिस की चौथी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर हैं, नए डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (ट्रैफिक) होंगे। गौरव लाल, जो कोलकाता पुलिस के पूर्वी सुंदरवन डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर हैं, पश्चिम बंगाल के क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल होंगे। सुंदरवन जिला पुलिस के पुलिस सुपरिटेंडेंट कोटेश्वर राव चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर होंगे।

## ईडी ने 40,000 करोड़ रुपये के 'धोखाधड़ी' मामले में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कारोबारी अनिल अंबानी के समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि गर्ग को बृहस्पतिवार को हिरासत में लिया गया। दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं। ईडी ने दावा किया, ''गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।

## गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे के लिए शुक्रवार की रात कोलकाता पहुंचे। गृह मंत्री असम का दौरा पूरा करके रात लगभग 9:45 बजे कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने उनका स्वागत किया। सूत्रों के मुताबिक, शाह शुक्रवार की रात वरिष्ठ नेताओं के साथ बंद कमरे में कोर कमेटी की बैठक की, जिसमें विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, शाह शनिवार को सबसे पहले बैरकपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करेंगे और फिर उत्तर बंगाल



गृह मंत्री शाह का स्वागत करती भाजपा ट्रेड सेल की संयोजक वैशाली डालमिया

के लिए उड़ान भरेंगे, जहां वह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सिलीगुड़ी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक होने की संभावना है, लेकिन अभी तक इस बारे में अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## कल इतिहास रचेंगी निर्मला सीतारमण, लगातार 9वीं बार पेश करेंगी बजट

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल लगातार नौवां बजट पेश करने वाली हैं। यह देश के संसदीय इतिहास में एक नया रिकॉर्ड होगा। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में पेश होने वाले इस बजट से सुधारवादी कदमों के जरिये विकास को गति मिलने की काफी उम्मीदें हैं। इस उपलब्धि के साथ ही सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के 10 बजट के कुल रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी। देसाई ने 1959-1964 के बीच 6 और 1967-1969 के बीच 4 बजट पेश किए थे। हालांकि, लगातार बजट पेश करने के मामले में सीतारमण सबसे आगे रहेंगी। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्रियों पी चिदंबरम (9 बजट) और प्रणब मुखर्जी (8 बजट) को भी पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अलग-अलग कार्यकालों में ये आंकड़े छुए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से बात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने पर सहमति जताई। अमेरिकी बलों के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने और देश से बाहर ले जाने के बाद यह पहली बार है, जब दोनों नेताओं ने बात की है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से बात की।'' उन्होंने लिखा, ''हम सभी क्षेत्रों में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा एवं व्यापक बनाने पर सहमत हुए हैं, ताकि आने वाले वर्षों में भारत-वेनेजुएला संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके।'' रोड्रिगेज ने पांच जनवरी को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर पद संभाला था। यह घटनाक्रम अमेरिकी सेना के उनके पूर्ववर्ती मादुरो को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाए जाने के दो दिन बाद हुआ था। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान जारी कर बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कृषि और जन-संबंधों सहित सभी क्षेत्रों में भारत-वेनेजुएला साझेदारी को अधिक मजबूत बनाने पर सहमति जताई।

## अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा आज उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकती हैं

**मुंबई/पुणे :** राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं और मंत्रिमंडल में अपने दिवंगत पति अजित पवार की जगह ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह पार्टी के महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में बने रहने और विलय वार्ता के फिलहाल स्थगित होने का संकेत है। सुनेत्रा पवार राज्य में उपमुख्यमंत्री का पद संभालने वाली पहली महिला होंगी। यह पद पहली बार 1978 में तब सृजित किया गया था जब महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार का युग शुरू



हुआ था। बारामती में बुधवार को एक विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक वर्ग ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद सुनेत्रा पवार को दिये जाने की मांग की थी। सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में निर्णय पर सुनेत्रा पवार द्वारा सहमति दिये जाने के बारे में पार्टी के नेताओं को अवगत करा दिया गया था। एक सूत्र ने बताया, शनिवार को मुंबई में राकांपा के संसदीय बोर्ड की एक बैठक होगी, जिसमें सुनेत्रा पवार को पार्टी विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इस संबंध में घटनाक्रम के बारे में जानकारी रखने वाले सूत्र के अनुसार, शनिवार शाम तक सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की संभावना है।

# व्यापार एक्सपो 2.0: उद्योग, ब्रांड और उद्यमियों के लिए व्यापार वृद्धि और अवसरों का सशक्त मंच

## तीन दिवसीय एक्सपो में बाजार विस्तार और साझेदारी पर विशेष फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** व्यापार एक्सपो 2.0 का उद्घाटन उत्साह और ऊर्जा के साथ हुआ, जिससे तीन दिवसीय बी2बी और बी2सी व्यावसायिक प्रदर्शनी का औपचारिक आरंभ हुआ। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के ब्रांड, निर्माता, वितरक, उद्यमी और उपभोक्ता एक ही मंच पर जुटे, जिससे उद्योग जगत के लिए नेटवर्किंग और नए अवसरों का अवसर तैयार हुआ। उद्घाटन दिवस पर उद्योग से जुड़े प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि यह एक्सपो नवाचार, व्यापारिक सहयोग और व्यावसायिक संवाद का एक प्रभावी प्लेटफॉर्म बन चुका है।प्रदर्शनी में उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई, जो बाजार विस्तार और ब्रांड दृश्यता को बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। प्रदर्शकों ने स्टॉल और प्रायोजन गतिविधियों के जरिए अपनी उपस्थिति को मजबूत किया, वहीं



आगंतुकों ने नई तकनीक, व्यावसायिक समाधान और आने वाले रुझानों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। उद्घाटन के मौके पर प्रख्यात उद्योग विशेषज्ञों और वक्ताओं के प्रेरक सत्र भी आकर्षण का केंद्र रहे। इनमें डॉ. विवेक बिंद्रा, हर्षवर्धन जैन, सोनू शर्मा, इंडिया मार्ट के सह-संस्थापक बृजेश अग्रवाल, ऑटोमेट बिजनेस के संस्थापक केवल किशन और सीईओ एवं फ्रेंचाइज कोच आशीष अग्रवाल शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने उद्यमिता, व्यवसाय विस्तार, नेतृत्व और बाजार आधारित विकास जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। आयोजकों की ओर से नितिन अग्रवाल (सह-संस्थापक, व्यापार जोन), मनमोहन बागड़ी (सह-संस्थापक), मोहित अग्रवाल (एसोसिएट डायरेक्टर), रोशन लाल अग्रवाल (को-चेयरमैन), करण बजोरिया (को-चेयरमैन), नितेश केजरीवाल (एक्जीक्यूटिव टीम) और बृजमोहन बागड़ी (एसोसिएट डायरेक्टर) ने संयुक्त रूप से कहा, व्यापार एक्सपो 2.0 का शुभारंभ हमारे लिए एक अहम उपलब्धि है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के बीच प्रभावी व्यावसायिक संवाद को बढ़ावा देना और मजबूत साझेदारियों को प्रोत्साहित करना है। ब्रांड्स, उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों की उत्साहजनक भागीदारी इस मंच की उपयोगिता और प्रासंगिकता को स्पष्ट रू4प से दर्शाती है। उत्पाद प्रदर्शन, नेटवर्किंग अवसरों और विशेषज्ञों के ज्ञानवर्धक सत्रों के संयोजन से यह आयोजन व्यवसायों को दृश्यता, जानकारी और ऐसे संपर्क प्रदान करता है, जो प्रदर्शनी से आगे भी लाभकारी सिद्ध होंगे। हमें विश्वास है कि व्यापार एक्सपो 2.0 नवाचार, साझेदारी और सतत व्यवसाय विस्तार के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभाता रहेगा। व्यापार एक्सपो 2.0 ने सहयोग, सीखने और अवसरों के एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में अपनी शुरुआत की है, जिसने विविध पृष्ठभूमि के आगंतुकों को आकर्षित किया और आने वाले दिनों के लिए मजबूत आधार तैयार किया।



# आर्थिक सर्वेक्षण ने लचीलापन पर दिया जोर

देश में आम बजट से पहले सामने आने वाले आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को लचीला व गतिशील बनाने पर बल दिया गया है। यह सर्वेक्षण उन चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है, जिनके लिए सावधानीपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में चालू वित्तीय वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद दर यानी जीडीपी के 7.4 रहने का भरोसा जताया गया है। वहीं आर्थिक सर्वेक्षण वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकास वृद्धि दर के 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान में सीमापरक तनाव, व्यापार में व्यवधान और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को भी ध्यान में रखा गया है। निश्चित रूप से यह सावधानीपूर्वक दर्शाया गया आशावादी दृष्टिकोण घरेलू मांग, उपभोग और निवेश की मजबूती को ही दर्शाता है। इसके बावजूद कि तमाम बाहरी जोखिम विद्यमान हैं, मसलन टैरिफ को लेकर आपूर्ति शृंखला में तनाव व देश की अपेक्षाओं का संतुलन बनाना शामिल है। यह सार्थक है कि सर्वेक्षण यथार्थवाद को नजरअंदाज नहीं करता है, जो यह भी दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पूंजी प्रवाह व मुद्रा की ताकत से ही सफलता सुनिश्चित नहीं होती। यह भी हकीकत है कि एआई जैसी नई तकनीकों से होने वाले लाभ असमानता को ही बढ़ावा देते हैं। लेकिन इसके लिये भी सहायक मानव संसाधन और विनियामक ढांचे की जरूरत होती है। खासकर भारत जैसे देश में जहां श्रम शक्ति का बाहुल्य है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश होने का लाभ उठाएं। इसके लिये कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सख्त जरूरत है, जिससे हम गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों के जरिये विश्व में आर्थिक स्पर्धा का मुकाबला कर सकें। ये कदम हमारे निर्यात बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं। कालांतर में ये हमारे व्यापार घाटे को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है।

इसमें दो राय नहीं है कि हालिया आर्थिक सर्वेक्षण के जरिये एक महत्वाकांक्षी रोड मैप बनाने का प्रयास किया गया है, जिसके अंतर्गत स्वदेशी अभियान को तरजीह देने से लेकर रणनीतिक लचीलेपन और रणनीतिक अनिवार्यता भारत की आर्थिक क्षमता की परीक्षा लेने वाला साबित हो सकता है। लेकिन इसके लिये जरूरी है कि भारत में उत्पादित वस्तुओं की साख को अंतर्राष्ट्रीय आकांक्षाओं के अनुरूप बनाया जाए। निस्संदेह, विश्व में भारतीय उत्पाद 'खरीदने के बारे में सोचने' से स्थिति को 'बिना सोचे भारतीय उत्पाद खरीदने' वाली सोच विकसित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इस स्थिति के लिये हमें विनिर्माण क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता की सख्त जरूरत होगी। निस्संदेह, हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ संपन्न हुए ऐतिहासिक समझौते को लेकर अर्थव्यवस्था में खासा उत्साह देखा जा रहा है, जिसके अर्थव्यवस्था में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद की जा रही है। वहीं दूसरी ओर लंबे समय से लटके हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता लगातार बनी हुई है। सर्वेक्षण में इस बाबत कहा गया है कि इस वित्तीय वर्ष में इस एफटीए के सिरे चढ़ने की उम्मीद है। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सवाल यह भी है कि तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी को कितना मिलता है। सवाल यह भी है कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था का लाभ आम आदमी के जीवन को बदलने में कितना मददगार होगा। एआई और तकनीक क्रांति के दौर में भारतीय विपुल श्रम शक्ति का बेहतर उपयोग कैसे हो सकता है। भारत दुनिया में सबसे युवा श्रम शक्ति वाला देश है तो क्या हम उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार देने में सक्षम होंगे, ताकि वे विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान दे सकें। जरूरत इस बात की है कि देश में बेरोजगारी की दर कम हो और युवाओं के विदेश पलायन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये पहल की जाए। वहीं दूसरी ओर फिसलन वाली जमीन पर चलते हुए सर्वेक्षण में दो दशक पुराने सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों में बदलाव की मंशा जतायी गई है। निस्संदेह, ऐसे किसी बदलाव का आधार तार्किक होना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 जनवरी, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 08:26 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 25:33 तक, योग : विष्कंभ, 13:34 तक, सूर्योदयः 06:14, सूर्यास्तः 17:00, चन्द्रोदय : 15:45, चन्द्रास्तः 04:50, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 09:04 से 10:27

## राशिफल

**मेष :** आज आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। आपके बिजनेस में कोई डील लटक सकती है, जो बाद में आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं।

**वृष :** आज के दिन आपकी लिए निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन फिर भी आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। कोई मित्र आपसे धन संबंधित मदद मांग सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि का स्वामी आयु भाव में सूर्य से तप्त और विकल है। इसके फल स्वरूप आज का दिन भाग दौड़ और विशेष चिन्ता में व्यतीत होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपकी काम को लेकर टेंशन भरपूर रहेगी, क्योंकि आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे।किसी दूसरे को धन उधार देने से बचें।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने बॉस के चाहिते रहेंगे, जिससे आपके शत्रु भी उत्पन्न होंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। शेयर मार्केट में आप अच्छा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे, लेकिन आप किसी एक्सपर्ट की राय के बिना आगे ना बढ़े।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको कुछ उतार-चढ़ाव रहने से समस्या बढ़ेगी। विद्यार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करेंगे।

**वृश्चिक :** आज अच्छी सोच का आपको कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती हैं, जिसे आप आसानी से पूरा करेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने काम पर फोकस करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मकर :** आप किसी विरोधी की बातों में बिल्कुल न आए। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को समय रहते निपटाने की आवश्यकता है।

**कुम्भ :** आज आपको बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा, क्योंकि आपकी इसी आदत के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए व्यर्थ के झगड़े व झंझटों से दूर रहने के लिए रहेगा। यदि आप परिवार में किसी को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे।

# सिर्फ समझौता नहीं, हमारे भविष्य का रोडमैप है भारत-यूरोपीय संघ एफटीए



पीयूष गोयल

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है।

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा।

विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है।

भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी।

इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी।

यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। यूपीए सरकार ने बिना सोचे-समझे भारत के बाज़ार खोल दिए थे, इसके उलट मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है।

प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। पिछले सप्ताह इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था: आइए, इस साल हम अपने पूरे सामर्थ्य के साथ गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। हमारा एकमात्र मंत्र गुणवत्ता, गुणवत्ता और केवल गुणवत्ता होना चाहिए। कल की तुलना में आज और बेहतर गुणवत्ता। हम जो कुछ भी बनाते हैं, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं।

इसके अलावा, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि यूपीए सरकार ने व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने से पहले हितधारकों के साथ कोई सार्थक बातचीत की थी। इसके विपरीत, मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे।

मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

**(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)**

# महान गायक भूपेन हजारिका की उज्ज्वल सांस्कृतिक चेतना



डॉ. राम आह्लाद चौधरी

भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक परंपरा केवल शास्त्रीय ग्रंथों, लोककथाओं या ऐतिहासिक स्मृतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन रचनाकारों के माध्यम से भी जीवित रहती है, जिन्होंने अपने समय के सामाजिक यथार्थ को स्वर, शब्द और संवेदना में ढाला। भूपेन हजारिका ऐसे ही एक असाधारण रचनाकार थे। दरअसल भूपेन हजारिका एक गायक, संगीतकार, कवि, फिल्मकार और जन बुद्धिजीवी थे, जिनकी रचनात्मक चेतना ने क्षेत्रीय सीमाओं को लांघकर अखिल भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संवाद को समृद्ध किया। भूपेन हजारिका की सांस्कृतिक चेतना किसी एक भाषा, जाति, समुदाय या राष्ट्र तक सीमित नहीं थी। वह बहुस्तरीय, बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक थी, जिसमें असम की लोकधारा, बंगाल का बौद्धिक प्रगतिवाद, भारत की जनसंघर्षशील परंपरा और विश्व मानवता का साझा स्वप्न एक साथ प्रवाहित होता है।

उनके जीवनानुभव और सांस्कृतिक गठन को समझने से पहले यह कहना जरूरी है कि भूपेन हजारिका का जन्म 8 सितंबर 1926 को असम के सादिया क्षेत्र में हुआ था। ब्रह्मपुत्र घाटी का प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय जीवन की सहजता, लोकगीतों की लय और औपनिवेशिक भारत का उथल-पुथल भरा सामाजिक वातावरण इत्यादि ने उनके व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित किया। कम उम्र में ही उन्होंने असमिया लोकगीतों, बिहू नृत्य और जनजातीय संगीत से आत्मीय रिश्ता बना लिया। यही लोकबोध आगे चलकर उनकी सांस्कृतिक चेतना की रीढ़ बना।

कोलंबिया विश्वविद्यालय (अमेरिका) में उच्च शिक्षा के दौरान उनका संपर्क पश्चिमी संगीत, मानवशास्त्र और समाजशास्त्र से हुआ। यह अनुभव उनके लिए केवल शैक्षणिक नहीं था, बल्कि उन्होंने अफ्रीकी-अमेरिकी संघर्ष, नस्लीय भेदभाव और लोकसंगीत की राजनीतिक भूमिका को नज़दीक से देखा। यही कारण है कि उनके गीतों में लोक और आधुनिकता, परंपरा और विद्रोह का अद्भुत संगम दिखाई देता है। एक तरह से लोक और आधुनिकता के सेतु के रूप में ख्याति लब्ध भूपेन हजारिका की सबसे बड़ी सांस्कृतिक उपलब्धि यह है कि उन्होंने लोक को संग्रहालय की वस्तु नहीं बनने दिया। उनके लिए लोकजीवन जीवंत था। उन्होंने सदा संघर्षरत, परिवर्तनशील और भविष्य की ओर अग्रसर रहते हुए लोक जीवन को संबोधित किया। उनके गीतों में असमिया लोकधुनें केवल सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश के संवाहक के रूप में उपस्थित हुईं हैं। यथा:-बिस्तिरनो पारोरे, असंख्य जनोरे/ हाहाकार शुनीओयह गीत केवल ब्रह्मपुत्र नदी का वर्णन नहीं है, बल्कि नदी के किनारे बसने वाले शोषित जनसमुदाय की करुण पुकार है। नदी यहाँ सांस्कृतिक प्रतीक बन गई है, यह भी कहा जा सकता है कि इतिहास, स्मृति और पीड़ा का।

**मानवीय करुणा और सार्वभौमिकता के महान गायक**

भूपेन हजारिका की सांस्कृतिक चेतना की केन्द्रीय धुरी मानवता है। वे किसी भी प्रकार के संकीर्ण राष्ट्रवाद, जातीय अहंकार या धार्मिक कट्टरता के विरोधी थे।उनका प्रसिद्ध गीत-हम होंगे कामयाब एक दिन भारतीय संदर्भ में आशा, संघर्ष और सामूहिक मुक्ति का प्रतीक बन गया। यह गीत मार्टिन लूथर किंग की नागरिक अधिकार आंदोलन की परंपरा से जुड़ता है, लेकिन भारतीय समाज में आकर यह किसान, मजदूर, छात्र और हाशिए के समूहों की आवाज़ बन जाता है। उनकी दृष्टि में संस्कृति वह शक्ति है जो मनुष्य को मनुष्य से जोड़ती है-न कि विभाजित करती है। प्रगतिशील चेतना और सामाजिक सरोकार के चितेरे भूपेन हजारिका केवल भावुक कवि या मधुर गायक नहीं थे; वे एक सजग प्रगतिशील बुद्धिजीवी थे। उनके गीतों में वर्ग-संघर्ष, आर्थिक विषमता और सत्ता-संरचना की आलोचना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। वे मानते थे कि कला का तटस्थ होना असंभव है। कलाकार या तो उत्पीड़ितों के साथ खड़ा होगा या सत्ता के पक्ष में चुप रहेगा।

उनके कई गीत श्रमिक वर्ग, नाविकों, मछुआरों और विस्थापित लोगों के जीवन को केंद्र में रखते हैं। यह सांस्कृतिक चेतना मार्क्सवादी मानवतावाद से गहरे जुड़ी हुई प्रतीत होती है, हालाँकि वह किसी जड़ वैचारिक ढाँचे में कैद नहीं थी।

भाषाई बहुलता और सांस्कृतिक संवाद को जीवंत बनाने वाले भूपेन हजारिका असमिया, बंगाली और हिंदी,तीनों भाषाओं में समान अधिकार से सृजन करते हैं। यह बहुभाषिकता उनकी सांस्कृतिक चेतना को और व्यापक बनाती है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि भाषा दीवार नहीं, पुल हो सकती है। असमिया लोकगीत बंगाली संवेदना से जुड़ते हैं, बंगाली गीत हिंदी श्रोताओं के हृदय में उतरते हैं, और हिंदी गीत अखिल भारतीय सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा बन जाते हैं।यह बहुभाषिक सृजन भारत की बहुलतावादी संस्कृति का सशक्त उदाहरण है।



स्त्री, प्रेम और करुणा की संवेदना को पूंजी बनाने वाले भूपेन हजारिका के गीतों में स्त्री कोई मात्र प्रेमिका या सौंदर्य का प्रतीक नहीं है। वह संघर्षशील, पीड़ित और फिर भी गरिमामयी मानवीय सत्ता है। उनके गीतों में प्रेम निजी भावुकता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह सामाजिक करुणा में रूपांतरित हो जाता है। प्रेम उनके यहाँ सामाजिक न्याय और मानवीय सम्मान की आकांक्षा से जुड़ा हुआ है।

सिनेमा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में भी भूपेन हजारिका ने सांस्कृतिक चेतना को कभी त्यागा नहीं। चाहे वह असमिया सिनेमा हो या हिंदी फिल्में-उनकी रचनाएँ जनपक्षधर बनी रहीं। उन्होंने सिनेमा को भी एक सांस्कृतिक माध्यम के रूप में देखा, जो समाज को आईना दिखा सकता है।

उत्तर-पूर्व और राष्ट्रीय मुख्यधारा के गायक भूपेन हजारिका ने उत्तर-पूर्व भारत को सांस्कृतिक हाशिए से निकालकर राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके गीतों के माध्यम से शेष भारत ने असम, ब्रह्मपुत्र, जनजातीय जीवन और वहाँ के संघर्षों को जाना। यह सांस्कृतिक सेतु-निर्माण आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनकी प्रासंगिकता अमर है। आज जब दुनिया सांस्कृतिक ध्रुवीकरण, नस्लीय घृणा और बाज़ारवादी संस्कृति के दबाव में है, भूपेन हजारिका की सांस्कृतिक चेतना और अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उनकी रचनाएँ हमें यह याद दिलाती हैं कि संस्कृति केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। भूपेन हजारिका की उज्ज्वल सांस्कृतिक चेतना भारतीय सांस्कृतिक इतिहास की एक अमूल्य धरोहर है। वे लोक और आधुनिकता, क्षेत्रीय और वैश्विक, भावनात्मक और बौद्धिक-सभी को एक सूत्र में बाँधने वाले दुर्लभ रचनाकार थे। उनका संगीत केवल सुना नहीं जाता, बल्कि महसूस किया जाता है-एक ऐसे समय में जब मनुष्यता स्वयं को बचाने की लड़ाई लड़ रही है।

भूपेन हजारिका का सृजन हमें यह सिखाता है कि सच्ची संस्कृति वही है जो मनुष्य को मनुष्य के और निकट लाए, उसके दुःख को स्वर दे और उसके भविष्य को आशा से भर दे।भूपेन हजारिका सही मायने में पॉल रॉब्सन के सच्चे उत्तराधिकारी हैं । उल्लेखनीय है कि बीसवीं सदी का विश्व-सांस्कृतिक इतिहास कुछ ऐसे कलाकारों को जन्म देता है जो केवल कला के सर्जक नहीं होते, बल्कि अपने समय की अंतरात्मा बन जाते हैं। वे गाते हैं, लेकिन उनका गायन मनोरंजन नहीं, प्रतिरोध होता है; वे अभिनय करते हैं, लेकिन मंच उनके लिए राजनीतिक वक्तव्य बन जाता है। ऐसे ही एक महान कलाकार थे पॉल रॉब्सन। वे अफ्रीकी-अमेरिकी गायक, अभिनेता, बुद्धिजीवी और मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं। भारत में यदि किसी कलाकार ने इसी परंपरा को आगे बढ़ाया, तो वे थे भूपेन हजारिका। यह कोई संयोग नहीं कि भूपेन हजारिका स्वयं पॉल रॉब्सन से गहराई से प्रभावित थे और उन्हें अपना वैचारिक गुरु मानते थे। वास्तव में, भारतीय संदर्भ में भूपेन हजारिका को पॉल रॉब्सन का सच्चा उत्तराधिकारी कहना पूरी तरह उचित और तर्कसंगत है।

कला और संघर्ष की अविभाज्य एकता पॉल रॉब्सन की पहचान केवल एक महान गायक या अभिनेता की नहीं थी। वे उस परंपरा के प्रतिनिधि थे, जिसमें कला और राजनीति, संस्कृति और संघर्ष एक-दूसरे से अलग नहीं होते। उन्होंने अपने गीतों में दासता, नस्लीय उत्पीड़न, श्रमिक संघर्ष और उपनिवेशवाद के विरुद्ध आवाज़ बुलंद की। जश्र' चरप ठळींशी जैसे गीत में नदी केवल प्रकृति का रूपक नहीं, बल्कि शोषित अश्वेत श्रमिकों की अनंत पीड़ा और धैर्य का प्रतीक बन जाती है। रॉब्सन के लिए संगीत सत्ता की गोद में बैठने का साधन नहीं था, बल्कि वह उत्पीड़ितों के साथ खड़े होने का हथियार था। इसी कारण उन्हें अमेरिकी सत्ता और पूंजीवादी व्यवस्था का कोपभाजन भी बनना पड़ा।

भूपेन हजारिका का पॉल रॉब्सन से परिचय केवल पुस्तकों या रिकॉर्डों तक सीमित नहीं था। अमेरिका में अध्ययन के दौरान उन्होंने रॉब्सन को न केवल सुना, बल्कि उनके संघर्ष को समझा। रॉब्सन ने भूपेन हजारिका को यह सिखाया कि लोकगीत केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान संघर्ष की भाषा हो सकते हैं। भूपेन हजारिका ने स्वयं स्वीकार किया था कि पॉल रॉब्सन उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक थे। यह प्रेरणा नकल तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारतीय सामाजिक यथार्थ में ढलकर एक नई, मौलिक सांस्कृतिक चेतना में परिवर्तित हो गई।

**नदी, श्रमिक और शोषण: समान प्रतीक-विश्व**

पॉल रॉब्सन और भूपेन हजारिका के गीतों में एक अद्भुत समानता दिखाई देती है-नदी का प्रतीक। रॉब्सन के यहाँ मिसिसिपी नदी श्रमिकों की पीड़ा की साक्षी है, तो भूपेन हजारिका के यहाँ ब्रह्मपुत्र नदी असम के मेहनतकशों, मछुआरों और विस्थापितों की कथा कहती है। यह केवल प्रकृति-वर्णन नहीं है; यह वही सांस्कृतिक रणनीति है जो रॉब्सन ने अपनाई थी-लोक-प्रतीकों के माध्यम से वर्गीय और मानवीय यथार्थ को उजागर करना। तटस्थता का निषेध

पॉल रॉब्सन मानते थे कि कलाकार का तटस्थ होना एक भ्रम है। वह या तो उत्पीड़ित के साथ होगा या उत्पीड़क की चुप्पी में शामिल होगा। भूपेन हजारिका भी इसी वैचारिक जमीन पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके गीतों में स्पष्ट रूप से मेहनतकश वर्ग, किसान, श्रमिक और हाशिए के समुदाय मौजूद हैं।

**उनका प्रसिद्ध गीत-हम होंगे कामयाब एक दिन**

दरअसल, पॉल रॉब्सन द्वारा लोकप्रिय बनाए गए थश डहरश्रश्र जींशीलोश का भारतीय रूपांतरण है। यह गीत भारत में केवल एक गीत नहीं रहा, बल्कि सामाजिक आंदोलनों, छात्र संघर्षों और जन-प्रतिरोध का सांस्कृतिक प्रतीक बन गया। यह वही विरासत है जो रॉब्सन से हजारिका तक पहुँचती है,गीत का आंदोलन में बदल जाना।

पॉल रॉब्सन ने नस्लीय भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया, जबकि भूपेन हजारिका ने जातीय, वर्गीय और औपनिवेशिक शोषण के विरुद्ध स्वर उठाया। दोनों की लड़ाई अलग-अलग सामाजिक संरचनाओं में लड़ी गई, लेकिन उनका मूल भाव एक ही था-मानव गरिमा की रक्षा करना।

**प्रोफेसर,कलकत्ता विश्वविद्यालय**

## वर्ग पहेली नं. 3337



*बायें से दायें:-* 1) एक देश, 3) पैग़ाम; एक मिठाई, 6) प्रस्थान, 8) देशस्तरीय, 9) वह नहीं, 10) स्वार्थी, 12) सिर का अगला भाग, 13) चित्त; इच्छा, 14) कमाई, 15) आचरण, 16) क़ीमती, 18) चौकी, 19) नाचगाना; बड़े को झुककर प्रणाम, 20) प्रहार, 22) अच्छा होता यदि, 23) दुनिया, 24) जरुरी, 25) देनेवाला, 26) प्रेमासक्त.

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक हिंसक पशु, 2) भाँति, 3) नृत्यगान, 4) पियक्कड़, 5) जमाखर्चा, 7) नमस्ते, 9) यथासमय, 11) ध्यान लगाना, 13) वैमनस्य, 14) दुनिया, 16) शासनहीनता, 17) एक स्वर्गीय प्रसिद्ध भारतीय नेता का नाम, 18) घेराबंदी, 21) फ़ायदेमंद, 24) पधारना.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| 4 | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 8 | | | 9 | | | |
| 2 | | 4 | | | | 3 | 8 | |
| | | 1 | | 4 | | 6 | | |
| 5 | | 6 | 7 | | | | | |
| | | | | | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | 8 | | | | 3 |
| | | | | 7 | 6 | 9 | 5 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3294 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 |

# आनंदपुर जैसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए बनेगी एडवाइजरी : राज्यपाल बोस

❑ **राज्यपाल ने जले हुए गोदामों का किया दौरा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर में घटनास्थल का दौरा किया और वहां मौजूद अधिकारियों से हालात के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर स्थित गांधी घाट पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। बैरकपुर के कार्यक्रम के बाद राज्यपाल दोपहर करीब 12 बजे के बाद आनंदपुर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेकर



स्थिति की समीक्षा की। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह बहुत ही चौंकाने वाली, दुखद और परेशान करने वाली घटना है। आग में कीमती इंसानी जानें चली गई हैं। इसमें शामिल सभी लोगों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आग लगने से पहले, आग लगने के दौरान और बाद में कुछ कदम उठाए जाने चाहिए थे जो नहीं उठाए गए, जिसके कारण आग लगी। उन्होंने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां, वेयरहाउस का मालिक और सभी इस हादसे के लिए बराबर जिम्मेदार हैं। कानून लागू होना चाहिए। मैं, राज्यपाल के तौर पर एक एडवाइजरी तैयार कर रहा हूं, जिसे मैं तुरंत जारी करूंगा। हम ऐसे हादसों पर आंखें बंद नहीं कर सकते। राज्यपाल ने कहा कि मैं यहां तथ्यों की जानकारी जुटाने आया हूं, दोष ढूंढ़ने नहीं। राज्यपाल ने कहा कि मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता, लेकिन सच्चाई यही है कि यह संबंधित अधिकारियों की ओर से विफलता है, अन्यथा इस तरह की घटनाएं बार-बार नहीं होतीं। राज्यपाल बोस ने कहा कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समय पर प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

# एसआईआर : निर्वाचन आयोग ने सुनवाई सात दिन के भीतर पूरी करने का दिया निर्देश

## निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ ने राज्य के सीईओ के साथ की बैंठक

**कोलकाता, समाज्ञा**

निर्वाचन आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित सभी सुनवाई सात दिन के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही नोटिस जारी करने और दस्तावेज अपलोड करने के लिए सख्त समय-सीमा निर्धारित की है। ये निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल के साथ निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ की बैठक के दौरान जारी किए गए। इस बैठक में राज्य के विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता, सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ उपस्थित थे। आयोग के निर्देशों के अनुसार, सुनवाई के लिए नोटिस एक फरवरी को शाम 5 बजे तक जारी किए जाने चाहिए, जबकि सभी सुनवाई और संबंधित दस्तावेजों को आयोग के सर्वर पर अपलोड करने का कार्य अगले सात दिन के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। संपन्न हो चुकी सुनवाई के दस्तावेज दो फरवरी तक अपलोड किए जाने चाहिए। एक अधिकारी ने कहा कि समय-सीमा में कोई समझौता नहीं किया जा सकता और इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि ये निर्देश पुनरीक्षण प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के उद्देश्य से दिए गए हैं।

आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि अगले दो से तीन दिन के भीतर सभी सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को सुनवाई केंद्रों से हटाकर उपस्थित पर्यवेक्षकों की सहायता के लिए तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि उपस्थित पर्यवेक्षकों के स्तर पर पर्यवेक्षण को मजबूत करने के लिए सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की आवश्यकता है। पूर्व-घोषित कार्यक्रम के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जानी है। अधिकारी ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन में देरी का कोई सवाल ही नहीं है।

# सीबीआई ने 2 करोड़ से अधिक के चिटफंड घोटाले में फरार आरोपी तन्मय मिर्धा को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2 करोड़ रुपए से अधिक के चिटफंड घोटाले में फरार चल रहे आरोपी तन्मय मिर्धा को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी गत गुरुवार को नदिया जिले के ब्रह्म नगर इलाके से की गई। सीबीआई ने यह मामला 23 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद दर्ज किया था। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में सक्रिय चिटफंड कंपनियों से जुड़े मामलों की गहन जांच के आदेश दिए थे। सीबीआई को जांच के दौरान पता चला कि आरोपी तन्मय मिर्धा एक्सप्रेस कल्टीवेशन लिमिटेड, कोलकाता का डायरेक्टर था और उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आम जनता से निवेश के नाम पर भारी धनराशि एकत्र की। आरोपी ने आकर्षक रिटर्न का लालच देकर निवेशकों से करीब 2.1 करोड़ रुपए जुटाए और बाद में इस धन का गलत इस्तेमाल किया। निवेशकों को न तो तय समय पर वापस मिला और न ही उनकी मूल राशि वापस की गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग आर्थिक नुकसान का शिकार हुए। सीबीआई ने विस्तृत जांच पूरी करने के बाद 4 फरवरी 2022 को इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी, हालांकि आरोपी जांच के दौरान एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुआ और लगातार फरार बना रहा। इसके बाद, कोलकाता स्थित एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। लगातार फील्ड वेरिफिकेशन, तकनीकी इनपुट और खुफिया जानकारी के आधार पर सीबीआई ने गुरुवार को आरोपी की लोकेशन का पता लगाया, जिसके बाद सीबीआई ने इलाके में घेराबंदी कर आरोपी तन्मया मिर्धा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को संबंधित अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। तन्मय मिर्धा के बयान के आधार पर पता चलेगा कि इसमें कितने लोग शामिल हैं और किस तरह से आम जनता का पैसा लिया गया है।

# कल दिल्ली दौरे पर जाएंगी ममता, सोमवार को ज्ञानेश कुमार से मिलेंगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर संबंधी मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के लिए एक फरवरी को दिल्ली के दौरे पर पहुंचेंगी। ममता के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी भी दिल्ली जाएंगे। पता चला है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने ममता को दो फरवरी की शाम 4 बजे दिल्ली में मुलाकात का समय दिया है। मुख्यमंत्री को अधितमत 15 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की अनुमति दी गई हैं। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के साथ एसआईआर से पीड़ित कुछ लोग भी दिल्ली जाएंगे। ममता सीईसी से मुलाकात के दौरान इन लोगों को भी साथ ले जाएंगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री दिल्ली यात्रा में कई विपक्षी दलों के नेताओं से भी मुलाकात कर सकती हैं।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ममता ने दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा एकता और समावेशिता के उनके आदर्शों को याद किया। इस दिन, ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धाभाव से याद करती हूं। गांधीजी का एकजुट और समावेशी भारत का दृष्टिकोण ही हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राष्ट्रपिता द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत आज भी भारत की लोकतांत्रिक भावना को दिशा देने और उसे सशक्त बनाने का कार्य करते हैं।

# कोलकाता पुलिस में बड़ा फेरबदल 52 इंस्पेक्टर, 15 एसीपी का तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता पुलिस मुख्यालय (लालबाजार) ने प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण और चुनावी वर्ष की तैयारियों के मद्देनजर पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल किया है। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार, कुल 52 इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है, जिनमें से 47 विभिन्न थानों के प्रभारी और अतिरिक्त प्रभारी हैं। इसके साथ ही 11 असिस्टेंट कमिश्नर और 4 महिला असिस्टेंट कमिश्नरों के कार्यभार में भी बदलाव किया गया है। शहर के आठ महिला थानों की कमान भी नए हाथों में सौंपी गई है।

लालबाजार द्वारा जारी सूची के अनुसार, आनंदपुर थाने के एडिशनल ओसी का तबादला कर दिया गया है। हरिदेवपुर थाने के ओसी प्रसून दे सरकार को अब आनंदपुर थाने की नई कमान सौंपी गई है। वहीं, बेहाला थाने के ओसी अनिमेष हवलदार को तिलजला थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। चैतन चापाईर को हेस्टिंग्स से पंचसायर, प्रसेनजीत पोद्दार को बेलेघाटा से अम्हर्स्ट स्ट्रीट, सैकत नियोगी को अम्हर्स्ट स्ट्रीट से बेहाला, सुरजीत बंद्योपाध्याय को फूलबागान से हरिदेवपुर, आलोक सरकार को न्यू अलीपुर से फूलबागान, समरेंद्र चक्रवर्ती को चारू मार्केट से गिरीश पार्क, हीरक दलपति को गिरीश पार्क से पार्क स्ट्रीट, बप्पादित्य नस्कर को पार्क स्ट्रीट से बउबाजार और संजय मुखोपाध्याय को पंचसायर से साउथ पोर्ट भेजा गया है। इसके अलावा, असिस्टेंट कमिश्नर स्तर पर भी बड़ी फेरबदल की गई है। 11 पुरुष एसीपी और 4 महिला एसीपी को लालबाजार मुख्यालय और अन्य विभागों में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। ठाकुरपुकुर के ओसी राकेश कुमार सिंह को बेनियापुकुर और रिजेंट पार्क के ओसी अरिजीत चटर्जी को बेलेघाटा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वह नियमित तबादला प्रक्रिया का हिस्सा है।

# बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की सूची में बदलाव की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर केंद्रीय पर्यवेक्षकों की सूची में बदलाव की मांग की है और साथ ही आयोग द्वारा चयनित भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 15 अधिकारियों में से नौ के लिए वैकल्पिक नामों का प्रस्ताव भी दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन अधिकारियों के स्थान पर नए नाम सुझाए गए हैं, उनमें राज्य के गृह सचिव भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव 'प्रशासनिक और आधिकारिक आवश्यकताओं' के कारण भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को नौ आईएएस अधिकारियों के स्थान पर वैकल्पिक नाम भेजे हैं। निर्वाचन आयोग इस प्रस्ताव की जांच करेगा और अंतिम निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में पश्चिम बंगाल के 25 वरिष्ठ अधिकारियों की सूची जारी की थी। इस सूची में 15 आईएएस अधिकारी शामिल हैं, जिनमें गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा भी हैं, जबकि 10 आईपीएस अधिकारी भी सूची में शामिल हैं। हावड़ा और आसनसोल के पुलिस आयुक्तों के नाम भी इस सूची में दर्ज हैं।

# हाई कोर्ट ने मतदान केंद्रों की बदहाली पर चुनाव आयोग एवं सरकार से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को एक याचिका पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें दावा किया गया है कि राज्य सरकार की कंपनी आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आधारभूत निर्माण कार्यों को करने से पीछे हट रही है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य द्वारा दायर जनहित याचिका में अदालत से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए कहा गया है कि कंपनी के हटने से चुनावों के सुचारू संचालन पर असर पड़ेगा। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को चुनाव के लिए बुनियादी ढांचागत सुविधाएं सुनिश्चित करने का पूरा अधिकार है। बता दें कि राज्य में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीनों में होने वाले हैं। भट्टाचार्य ने अदालत का रुख कर दावा किया है कि राज्य सरकार के उपक्रम मैकिंटोश बर्न लिमिटेड ने अचानक काम पूरा करने से पीछे हटने की इच्छा जताई है, जिससे चुनाव सुचारू रूप से कराने में बाधा आएगी। पीठ ने संबंधित पक्षों को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसके बाद याचिका पर फिर से सुनवाई की जाएगी।



# परीक्षा में कड़े नियम और प्रतिबंध, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जारी की गाइडलाइन

**कोलकाता :** राज्य बोर्ड द्वारा संचालित माध्यमिक परीक्षा 2 फरवरी से शुरू होकर 12 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा से पहले ही परीक्षार्थियों के हाथों में एडमिट कार्ड पहुंच चुके हैं और छात्र अंतिम चरण की तैयारी में जुटे हैं। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा को लेकर कड़े नियम और प्रतिबंध जारी किए हैं।

शुक्रवार को आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गंगोपाध्याय ने परीक्षा से जुड़ी तमाम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की माध्यमिक परीक्षा के लिए राज्यभर में कुल 2,682 परीक्षा केंद्र तय किए गए हैं। इनमें 945 मुख्य परीक्षा केंद्र और 1,737 उप-केंद्र शामिल हैं।

बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार, इस वर्ष कुल परीक्षार्थियों की संख्या 9,71,339 है। इनमें 4,26,733 पुरुष परीक्षार्थी, 5,44,606 महिला परीक्षार्थी और एक ट्रांसजेंडर परीक्षार्थी शामिल हैं।

❑ **माध्यमिक परीक्षा 2026: प्रमुख नियम और समय-सारिणी**

■ सुबह 10 बजे से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति

■ सुबह 10:45 बजे प्रश्नपत्र वितरित किए जाएंगे

■ दोपहर 2 बजे परीक्षा समाप्त होगी

■ 485 कस्टोडियन के पास प्रश्नपत्र पहले ही भेजे जा चुके हैं

■ प्रश्नपत्रों में पहले की तरह सुरक्षा कोड लागू रहेगा

बोर्ड ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान अनुशासन और गोपनीयता बनाए रखने के लिए सभी नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

### बीएलओ ड्यूटी में कितने शिक्षक? परीक्षा से पहले बोर्ड में ही असमंजस, सीईओ के पत्र को लेकर भ्रम

माध्यमिक परीक्षा की तैयारी के ऐन वक्त पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। सवाल यह है कि चुनावी कार्यों से जुड़े कितने शिक्षक परीक्षा ड्यूटी निभा पाएंगे, इसका कोई स्पष्ट आंकड़ा बोर्ड के पास नहीं है। शुक्रवार की पत्रकार वार्ता में बोर्ड अध्यक्ष रामानुज गंगोपाध्याय ने बताया कि माध्यमिक परीक्षा के दौरान स्कूल इंस्पेक्टर और जिला स्कूल निरीक्षक अहम भूमिका निभाते हैं। परीक्षा केंद्रों की निगरानी और सुचारू संचालन के लिए लगभग 50 हजार इनविजिलेटरों की आवश्यकता होती है। लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कितने शिक्षक बीएलओ या एआरओ के रूप में चुनावी कार्यों में लगे हुए हैं। इसी को देखते हुए बोर्ड की ओर से राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल को पत्र लिखकर परीक्षा अवधि में शिक्षकों को चुनावी ड्यूटी से मुक्त रखने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, इसी दिन सीईओ मनोज अग्रवाल ने दावा किया कि बोर्ड की ओर से उन्हें अब तक ऐसा कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इस विरोधाभासी बयान से परीक्षा से पहले असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पताल में नवजात शिशु की चोरी के आरोपों की जांच के आदेश दिए

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने नदिया जिले के एक सरकारी अस्पताल में प्रसव पीड़ा के बाद भर्ती कराई गई एक महिला के परिवार द्वारा लगाए गए इस आरोप की जांच के आदेश दिए हैं कि उसके नवजात शिशु की चोरी हो गई। हालांकि, अस्पताल के अधिकारियों ने इस आरोप से इनकार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यहां बताया कि कृष्णानगर जिला अस्पताल के प्राधिकारियों के दावे के अनुसार, महिला कभी गर्भवती नहीं थी और इसे 'काल्पनिक गर्भावस्था' का मामला करार दिया। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आरोप से संबंधित परिस्थितियों की पुष्टि के लिए तथ्यों का पता लगाने के वास्ते जांच शुरू की गई है। फिलहाल, ऐसा कोई चिकित्सीय प्रमाण नहीं है, जिससे यह पता चले कि महिला ने बच्चे को जन्म दिया था। उल्लेखनीय है कि नवद्वीप प्रखंड के चरकास्थली निवासी मम्पी खातून नाम की महिला को बुधवार की सुबह प्रसव पीड़ा की शिकायत के बाद प्रसूति वार्ड में भर्ती कराया गया। उनके परिवार ने बताया कि वह लगभग 10 महीने से गर्भवती थीं और जिला अस्पताल में उसका नियमित इलाज हो रहा था। अधिकारी ने कहा कि नवद्वीप की एक युवती से जुड़े मामले को लेकर कृष्णानगर जिला अस्पताल में विवाद उत्पन्न हो गया, जहां उसे प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन कथित तौर पर उसने बच्चे को जन्म नहीं दिया। उन्होंने बताया कि इस आरोप के कारण अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद कोतवाली पुलिस के कर्मियों ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाया। अधिकारी ने कहा कि उपलब्ध चिकित्सीय रिकॉर्ड और अस्पताल में की गई जांचों के आधार पर ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे यह संकेत मिले कि महिला ने बच्चे को जन्म दिया था। चिकित्सकों ने दावा किया कि महिला गर्भवती नहीं थीं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि यह काल्पनिक गर्भावस्था का मामला प्रतीत होता है, जो एक मनोवैज्ञानिक स्थिति है जिसमें किसी महिला को लगता है कि वह गर्भवती है, जबकि वास्तव में कोई भ्रूण मौजूद नहीं होता है। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोपहर में एक नवजात शिशु का जन्म हुआ था, लेकिन बाद में वह गायब हो गया। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने इस दावे से इनकार किया है।

### न्यूज ब्रीफ

#### तनिष्क ने कोलकाता में पहली बार पेश किया अपना डायमंड एक्सपर्टीज सेंटर

**कोलकाता :** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने कोलकाता के 'बेस्टसाइड पवेलियन' में अपने खास ग्राहकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान प्राकृतिक हीरों के बेहतरीन कलेक्शंस की प्रदर्शनी लगाई गई, जिन्हें विशेष रूप से पारखी ग्राहकों के लिए चुना गया था। तनिष्क ने आधिकारिक तौर पर अपने ग्राहकों के लिए 'तनिष्क डायमंड एक्सपर्टीज सेंटर' का शुभारंभ किया। टाइटन ज्वेलरी लिमिटेड के ईस्ट रीजन के रीजनल बिजनेस मैनेजर, साह गौरव कृष्ण ने कहा, तनिष्क में हमारा सबसे बड़ा मकसद ग्राहकों का भरोसा जीतना, उनके साथ पारदर्शिता बनाए रखना और उन्हें खरीदारी का बेहतरीन अनुभव देना है। 'डायमंड एक्सपर्टीज सेंटर' के जरिए हम ग्राहकों को ऐसी तकनीक दे रहे हैं, जिससे वे हीरों की शुद्धता और चमक को खुद परख सकें।

#### सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी ए07 5जी, फोटोग्राफी और दमदार बैटरी पर फोकस

**कोलकाता, समाज्ञा :** सैमसंग ने घोषणा की है कि वह फरवरी के पहले सप्ताह में भारत में अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी ए07 5जी लॉन्च करेगा। ए-सीरीज का यह मॉडल खासतौर पर डिजिटल कंटेंट पसंद करने वाले युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। स्मार्टफोन में 'आइकॉनिक ट्रैक कैमरा डेको' के साथ ड्यूल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है, जिसमें 50एमपी का ऑटोफोकस मुख्य कैमरा और 2एमपी का डेप्थ कैमरा शामिल है। एफ1.8 अपर्चर बेहतर बोके इफेक्ट के साथ स्पष्ट तस्वीरें लेने में मदद करता है। वहीं, 8एमपी का फ्रंट कैमरा सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए उपयुक्त है। डिवाइस में 6.7 इंच की एचडी+ डिस्प्ले दी गई है, जो 120एचजेड रिफ्रेश रेट और 800 निट्स तक की ब्राइटनेस सपोर्ट करती है। गैलेक्सी ए07 5जी में 6000 एमएएच बैटरी और 25डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट है, जो लंबे समय तक इस्तेमाल सुनिश्चित करता है। कीमत और उपलब्धता की घोषणा जल्द की जाएगी।

#### गणतंत्र दिवस पर 'नोमाड्स' पहल के तहत एकजुट हुए जावा, येजदी और बीएसए राइडर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्लासिक लीजेंड्स ने 'नोमाड्स: राइड ऐज़ वन, राइड द लेगेसी' पहल के तहत जावा, येजदी और बीएसए मोटरसाइकिल राइडर्स को एक साझा मंच पर एकजुट किया। इस मौके पर देशभर में 'नोमाड्स फॉर यूनिटी इन डायवर्सिटी' थीम के साथ राइड्स आयोजित की गईं, जिनमें 2,000 से अधिक राइडर्स ने भाग लिया। ये राइड्स जम्मू से तमिलनाडु और गुजरात से मणिपुर तक विभिन्न राज्यों में आयोजित हुईं। 20 से अधिक स्वतंत्र राइडिंग कम्युनिटीज और 150 से ज्यादा डीलरशिप-समर्थित राइडिंग ग्रुप्स इस पहल से जुड़े। इस अवसर पर क्लासिक लीजेंड्स ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 'नोमाड्स' कम्युनिटी पेज भी लॉन्च किया, जो राइडर्स को उनकी स्थानीय जावा-येजदी-बीएसए राइडिंग कम्युनिटीज से जोड़ने का प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। कंपनी के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा कि यह पहल मोटरसाइक्लिंग के माध्यम से एकता, आजादी और सामुदायिक भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## माध्यमिक परीक्षा से दो दिन पहले भी नहीं मिला एडमिट कार्ड, स्कूल पर हाईकोर्ट का जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा**

सोमवार से शुरू हो रही इस वर्ष की माध्यमिक परीक्षा से ठीक पहले भवानीपुर के एक नामी स्कूल की लापरवाही सामने आई है। आरोप है कि स्कूल का एक छात्र परीक्षा से दो दिन पहले तक भी अपना एडमिट कार्ड नहीं पा सका। मजबूर होकर छात्र को कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने स्कूल प्रशासन पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार, याचिकाकर्ता छात्र का नाम अयन दास है, जो भवानीपुर स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल का विद्यार्थी है। छात्र का आरोप है कि स्कूल की लापरवाही के कारण शुक्रवार सुबह तक उसे एडमिट कार्ड नहीं मिला, जबकि सोमवार से परीक्षा शुरू होने वाली थी। इस स्थिति में छात्र मानसिक रूप से बेहद परेशान हो गया और अंततः हाईकोर्ट की शरण ली। शुक्रवार को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। पूरी स्थिति जानने के बाद अदालत ने अयन दास को शुक्रवार शाम तक नामांकन (एनरोलमेंट) के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। साथ ही, पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को तत्काल आधार पर छात्र का एडमिट कार्ड जारी करने का आदेश दिया गया। इसके अलावा, अदालत ने स्कूल प्रशासन की भूमिका को गंभीर मानते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और स्कूल के खिलाफ न्यायिक जांच के भी आदेश दिए हैं।

## एसएससी दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के संबंध में हलफनामा दाखिल करे : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विद्यालयों में सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए आयोजित 'एसएलएसटी 2025' में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम का कथित तौर पर अनुपालन नहीं किये जाने को लेकर दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) और राज्य सरकार को हलफनामा के जरिये जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने दावा किया कि अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण दिव्यांग व्यक्तियों की श्रेणी में 100 रिक्तियां नहीं भरी जा सकीं। याचिकाकर्ता ने अदालत से



अनुरोध किया है कि वह आयोग को उक्त रिक्तियों के स्वरूप में बदलाव करके नियुक्ति करने से रोके। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने बंगाल एसएससी और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ता की दलीलों का जवाब चार सप्ताह के भीतर हलफनामे के जरिये दाखिल करें और उसके बाद एक पखवाड़े में याचिकाकर्ता प्रत्युत्तर दाखिल करेगा। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि 100 रिक्त पदों के संबंध में आयोग द्वारा उठाए गए कदम याचिका पर आए फैसले पर निर्भर करेंगे। पीठ ने निर्देश दिया कि प्रतिवादियों द्वारा हलफनामे दाखिल करने के बाद मामले की सुनवाई दोबारा की जाएगी। यह याचिका द्वितीय विद्यालय स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी), 2025 में आरक्षण के प्रावधानों को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में निर्धारित कानून और संबंधित नियमों का पालन नहीं किया गया है।

## आनंदपुर में आगजनी की घटना में दो और गिरफ्तार, 4 फरवरी तक पुलिस हिरासत



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर में पुलिस ने मोमो बनाने वाली एक इकाई और दो गोदामों में लगी आग के सिलसिले में शुक्रवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले परिसर से जुड़ी एक कंपनी के मालिक को हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कहा कि ये कंपनी के प्रबंधक मनोरंजन शीट और उप प्रबंधक राजा चक्रवर्ती हैं। दोनों को नरेंद्रपुर पुलिस ने हिरासत में लिया है। इन दोनों को शुक्रवार को बारुइपुर उपमंडल अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें चार फरवरी तक पुलिस हिरासत का आदेश दिया गया। पुलिस अधिकारी फिलहाल उनसे पूछताछ कर रहे हैं ताकि कारखाने और गोदाम के संचालन के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

## स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नियुक्ति की मांग को लेकर एसएफआई का विकास भवन अभियान

### विकास भवन घेराव के दौरान भारी हंगामा, पुलिस से धक्का-मुक्की

**कोलकाता :** सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था के चरमराने का आरोप लगाते हुए और शिक्षा विभाग के तत्काल हस्तक्षेप की मांग पर सीपीआई(एम) के छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने शुक्रवार को विकास भवन अभियान किया। 'स्कूल बचाओ, मूल बचाओ' नारे के साथ डफ्फ कार्यकर्ता विकास भवन की ओर मार्च करते हुए पहुंचे।

शुक्रवार को एसएफआई के इस अभियान के दौरान विकास भवन परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। जैसे ही जुलूस विकास भवन के सामने पहुंचा, विधाननगर पुलिस के साथ आंदोलनकारियों की तीखी झड़प हो गई। आंदोलनकारियों ने



बैरिकेड तोड़कर विकास भवन में प्रवेश करने की कोशिश की, जिसे रोकने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

इससे पहले एसएफआई कार्यकर्ताओं ने साल्टलेक स्थित करुणामयी इंटरनेशनल बस टर्मिनस के सामने जमा होकर रैली निकाली और वहां से मार्च करते हुए विकास भवन पहुंचे। विकास भवन के सामने पहुंचकर उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और बैरिकेड तोड़ने का प्रयास किया, जिससे पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई।

एसएफआई की प्रमुख मांगों में सभी सरकारी स्कूलों में पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त तरीके से पर्याप्त शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में नियमों के अनुसार 240 रुपये से अधिक फीस न लेने की व्यवस्था, छात्र संघ चुनाव की तिथि शीघ्र घोषित करने और स्कूल संचालन के लिए लंबित सभी अनुदान राशि का तुरंत भुगतान शामिल है।

इस दौरान एसएफआई का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने के लिए विकास भवन के भीतर गया।

## हावड़ा-कामाख्या रूट पर वंदे भारत स्लीपर की लोकप्रियता बढ़ी, सभी श्रेणियों में भारी मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को यात्रियों से अत्यधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है, जो इस प्रीमियम रात्रिकालीन ट्रेन की लंबी दूरी की यात्रा और पर्यटन क्षमता को रेखांकित करती है। इस ट्रेन को प्रधानमंत्री द्वारा 17 जनवरी 2026 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। नियमित वाणिज्यिक परिचालन हावड़ा से 23 जनवरी तथा कामाख्या से 22 जनवरी से शुरू हुआ, जिससे दक्षिण बंगाल से पूर्वोत्तर भारत के लिए आधुनिक और आरामदायक रात्रि रेल यात्रा का नया अध्याय प्रारंभ हुआ। बुकिंग रुझानों से स्पष्ट है कि इस ट्रेन में यात्रियों की भारी मांग बनी हुई है। 23 से 29 जनवरी 2026 के बीच पिछले छह दिनों में औसत अधिभोग



लगभग 128 प्रतिशत दर्ज किया गया। आगामी दिनों, 3 फरवरी 2026 तक, के लिए भी औसत बुकिंग 100 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है और इसमें और वृद्धि की संभावना है। 30 जनवरी 2026 को हावड़ा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस में दोपहर 3 बजे तक सभी श्रेणियों में कुल अधिभोग 117 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया, जिसमें एसी प्रथम श्रेणी में 133.33 प्रतिशत, एसी द्वितीय श्रेणी में 115.95 प्रतिशत और एसी तृतीय श्रेणी में 116.85 प्रतिशत अधिभोग रहा। यह रुझान दर्शाता है कि यात्री कम समय में अधिक आरामदायक यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## डानकुनी स्टेशन पर विशेष कैंप कोर्ट, टिकटिंग अनियमितताओं के 518 मामलों में जुर्माना गया वसूला




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने शुक्रवार को डानकुनी रेलवे स्टेशन पर टिकटिंग अनुशासन को मजबूत करने और रेलवे नियमों के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष कैंप कोर्ट का आयोजन किया। रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 26 टिकट जांच कर्मी (टीटीई), 19 आरपीएफ के जवान और 1 जीआरपीएफ कर्मी शामिल थे, जिनके संयुक्त प्रयास से जांच अभियान सुचारू रूप से संपन्न हुआ। जांच के दौरान टिकट और यात्रा संबंधी कुल 518 अनियमितताओं के मामले सामने आए, जिनमें 258 बिना टिकट यात्रा, 64 बिना बुक किए सामान ले जाने, 13 गंदगी फैलाने और रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 152 मामले दर्ज किए गए। सभी दोषियों पर प्रचलित रेलवे नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया गया। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई का उद्देश्य यात्रियों में अनुशासन, स्वच्छता और नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। हावड़ा मंडल ने इसे सुरक्षित, व्यवस्थित और यात्री-हितैषी रेल संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए यात्रियों से रेलवन ऐप का उपयोग करने की अपील की।

## कांकीनाड़ा में माध्यमिक छात्रों के लिए 28वें वर्ष का निःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के कांकीनाड़ा में भारती निःशुल्क गुरुकुल के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित निःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम का 28वां वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस निःशुल्क शिक्षण अभियान का संचालन डॉ. जे.के. भारती एवं डॉ. कृष्णानंद भारती के कुशल नेतृत्व में किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शैक्षणिक विषयों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व से भी अवगत कराया गया। यह शिक्षण कार्यक्रम भाटपाड़ा पौरसभा क्षेत्र के अंतर्गत 3 नंबर गंगा घाट पर नदी के किनारे प्राकृतिक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के



दौरान विद्यार्थियों के लिए नियमित कक्षाएं, शंका-समाधान सत्र तथा मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे उनकी शैक्षणिक समझ और परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ किया जा सके। इस पूरे शिक्षण कार्यक्रम में नवदीप संघ एवं समीर यादव का सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उनके सक्रिय सहयोग से व्यवस्थागत कार्यों का सुचारु संचालन संभव हो सका और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा-उपयोगी किट भी प्रदान की गई। कुल मिलाकर, भारती निःशुल्क गुरुकुल का यह 28वां निःशुल्क शिक्षण कार्यक्रम समाजसेवा और शिक्षा-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

## भारतीय परिवारों को दीर्घकालिक बचत के लिए रुपये से परे सोचने की जरूरत: मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स

**कोलकाता :** मार्सेलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने आम तौर नज़रअंदाज हो जाने वाले जोखिम को रेखांकित किया है और वह है अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये का दीर्घकालिक स्तर पर कमज़ोर होना। ऐतिहासिक रूप से रुपये के मूल्य में हर दशक में लगभग 40% की गिरावट आई है, जिससे बचत की वास्तविक क्रय शक्ति लगातार कम हो रही है। मार्सेलस का कहना है कि यह न केवल मुद्रा से जुड़ी चिंता है बल्कि पोर्टफोलियो निर्माण के लिहाज़ से भी इसका ध्यान रखना ज़रूरी है। पूरी तरह से भारत में केंद्रित बचत एक ही अर्थव्यवस्था और मुद्रा के संपर्क में आती है। दीर्घकालिक आंकड़ों से पता चलता है कि भारत के अलावा वैश्विक इक्विटी पोर्टफोलियो से पूर्ण रूप से घरेलू पोर्टफोलियो के मुकाबले में कम अस्थिरता के साथ बेहतर जोखिम समायोजित रिटर्न मिला है।

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में पोस्टग्रैजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम में प्रवेश शुरु

**कोलकाता :** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में शिक्षक व शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रोग्राम में प्रवेश शुरु हो गए हैं।यह डिप्लोमा प्रोग्राम अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैंपस में होगा। आवेदन करने की आखिरी तारीख 12 फरवरी, 2026 है। साक्षात्कार फरवरी 2026 में होंगे और क्लास 1 मार्च 2026 से शुरू होंगी। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के निदेशक, अंकुर मदान ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, ये स्नातकोत्तर प्रोग्राम, शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बनाए गए हैं। इनका मकसदशुरुआती बाल शिक्षा, सीखने में आने वाली कठिनाइयों और मूल्यांकन जैसे बेहद ज़रूरी विषयों की बिलकुल साफ़ और इस्तेमाल करने लायक समझ देना है।

## हाई कोर्ट ने नीली बत्ती वाली कार चलाने के मामले में नाबालिग के खिलाफ कार्यवाही रद्द की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नीली बत्ती वाली एक कार लापरवाही से चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में एक नाबालिग के खिलाफ दर्ज सभी कार्यवाहियों को यह कहते हुए रद्द कर दिया है कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) कानून द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर वैधानिक जांच पूरी करने में विफल रहा। यह घटना 26 नवंबर 2023 को शहर के पार्क स्ट्रीट इलाके में हुई थी, जब नाबालिग पर नीली बत्ती लगी कार लापरवाही से चलाने और सड़क यातायात नियम का उल्लंघन करने का आरोप लगा था। कार के डैशबोर्ड पर एक तख्ती रखी थी जिस पर 'जज' लिखा था। पुलिस द्वारा वाहन रोके जाने पर नाबालिग ने स्वीकार किया था कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है और कार उसके दादा की है, जो एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, डैशबोर्ड पर ''जज'' वाली तख्ती की वजह से झूठे प्रतिरूपण और किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद जेजेबी के समक्ष जांच शुरू हुई और नाबालिग पहली बार नवंबर 2023 में बोर्ड के सामने पेश हुआ। मंगलवार को मामला रद्द करते हुए न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम कल्याणकारी कानून है और इसमें तय की गई सख्त समयसीमाओं का उद्देश्य बच्चों को लंबे कानूनी मानसिक तनाव से बचाना है। अदालत ने कहा कि जेजेबी के समक्ष जांच वैधानिक अवधि के भीतर पूरी नहीं की गई, जबकि दी गई समय-वृद्धि के लिए भी कोई वैध कारण नहीं बताया गया। फैसले में कहा गया कि धारा 14(2) के प्रावधानों के अनुसार, किशोर को बोर्ड के समक्ष पहली बार प्रस्तुत किए जाने की तारीख से चार महीने के भीतर जांच पूरी की जानी चाहिए, जब तक कि बोर्ड लिखित कारण दर्ज करते हुए अधिकतम दो महीने का विस्तार न दे। इस मामले में नाबालिग 28 नवंबर 2023 को बोर्ड के समक्ष पेश हुआ था और जेजे एक्ट के अनुसार जांच 27 मार्च 2024 तक पूरी हो जानी चाहिए थी। न्यायाधीश ने कहा कि समयसीमा को अधिकतम दो महीने के लिए बढ़ाया जा सकता है, लेकिन ऐसा तभी संभव है जब इसके कारण लिखित रूप में दर्ज किए जाएं। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि 2 फरवरी 2024 तक समय बढ़ाने का कोई आदेश में दर्ज नहीं किया गया था, इसलिए यह वैध विस्तार नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि निर्धारित समयसीमा का पालन न होने के कारण कानून के अनुसार पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाना अनिवार्य था। साथ ही, अदालत ने आगाह भी किया कि किशोरों को मिली कानूनी सुरक्षा का दुरुपयोग गंभीर अपराधों में दंड से बचने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## बनगांव से राणाघाट तक बदलेगी तस्वीर, चार नई रेल लाइनों से जुड़ेगा सीमावर्ती इलाका

❑ **रेल मंत्रालय की पहल से कृषि, रोजगार और सीमा सुरक्षा को मिलेगा मजबूत आधार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना, नदिया तथा आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों में रेल संपर्क मजबूत करने के उद्देश्य से चार नई रेल लाइन परियोजनाओं को पुनः सक्रिय करने की पहल की है। इन परियोजनाओं को क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास, सीमावर्ती कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रस्तावित लाइनों में बनगांव-पोरामहेशतला (20 किमी), बनगांव-चांदाबाजार (11.5 किमी), चांदाबाजार-बागदाह (13.8 किमी) और राणाघाट (अरंगहाटा)-दत्तफुलिया (8.17 किमी) शामिल हैं।

इन नई लाइनों से भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट क्षेत्रों में रणनीतिक संपर्क मजबूत होगा, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में सीमा पार सहयोग की संभावनाएं सुदृढ़ होंगी। आर्थिक दृष्टि से ये परियोजनाएं पेट्रापोल लैंड पोर्ट से जुड़े व्यापार को गति देंगी तथा कृषि प्रधान क्षेत्रों में उत्पादों के तेज और किफायती परिवहन को संभव बनाएंगी। इससे स्थानीय बाजारों, शिक्षा संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बेहतर होगी।

बनगांव-चांदाबाजार (11.5 किमी) लाइन पर 3 प्रमुख और 1 लघु पुल बनाए जाएंगे। नए प्लेटफॉर्म, शेड, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर और स्टेशन भवन जैसी यात्री सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह लाइन सीमावर्ती बनगांव क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। बनगांव-पोरामहेशतला (20 किमी) नई लाइन बनगांव को कल्याणी की दिशा में जोड़ेगी। इस खंड में 1 प्रमुख और 37 लघु पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। यह परियोजना अविकसित ग्रामीण क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ते हुए सामाजिक दायित्वों को भी पूरा करेगी। चांदाबाजार-बागदाह (13.8 किमी) लाइन बनगांव-पेट्रापोल सेक्शन से निकलेगी और राज्य राजमार्ग के समानांतर चलेगी। इस कृषि प्रधान क्षेत्र में 2 प्रमुख और 14 लघु पुल बनाए जाएंगे। उपनगरीय नेटवर्क में शामिल कर तेज ईएमयू सेवाएं शुरू होने से व्यापार, शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। अरंघाटा-दत्तफुलिया (8.17 किमी) परियोजना नदिया जिले के घनी आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों को पहली बार सीधी रेल सुविधा देगी। वर्तमान में दत्तफुलिया क्षेत्र के लोगों को लगभग 9 किमी सड़क मार्ग से यात्रा कर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इस खंड में 15 लघु पुल बनाए जाएंगे तथा सभी आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन परियोजनाओं से सड़क यातायात का दबाव कम होगा, यात्रा समय घटेगा और सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

# आनंदपुर अग्निकांड में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर शुभेंदु अधिकारी ने निकाला जुलूस

❑ **ममता सरकार पर दोषियों को बचाने का लगाया आरोप, अग्निशमन मंत्री के इस्तीफे की मांग**

❑ **नेता प्रतिपक्ष ने प्रभावित परिवारो को 10 लाख के बजाय 50 लाख मुआवजा देने की मांग की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने नरेंद्रपुर में 26 जनवरी को मोमो बनाने की इकाई और सजावटी सामान के गोदामों में लगी भीषण आग के मामले में इनके मालिकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सैकड़ों समर्थकों के साथ एक जुलूस निकाला। यह जुलूस शहीद खुदीराम मेट्रो स्टेशन से शुरू हुआ और ईएम बाईपास तथा गरिया ढलाई ब्रिज से होते हुए आनंदपुर थाने से लगभग 200 मीटर की दूरी पर समाप्त हुआ। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों को संरक्षण दे रही है और संवेदनहीनता दिखा रही है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना के पांच दिन बाद भी घटनास्थल का दौरा नहीं किया है, जबकि बचाव और खोज अभियान अब भी जारी हैं। 'फूड चेन' के मालिकों में से एक की कथित तस्वीर प्रदर्शित करते हुए, भाजपा नेता ने दावा किया कि ये तस्वीर उन्होंने (मालिक ने) तब सोशल मीडिया पर साझा की थी जब वह मुख्यमंत्री के साथ व्यापार प्रतिनिधिमंडल में विदेश दौरे पर गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार 'फूड चेन' के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है क्योंकि वे सरकार और तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के करीबी हैं। भाजपा विधायक ने कहा कि सिर्फ सजावटी सामान की कंपनी के एक मालिक और फूड चेन के दो कनिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार करने से काम नहीं चलेगा। हम कंपनियों के शीर्ष संचालनकर्ताओं की तत्काल गिरफ्तारी चाहते हैं। उन्होंने अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस के इस्तीफे और आग लगने के बाद लापता हुए लोगों की सूची प्रकाशित करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि हम सोमवार को उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर लापता लोगों के नाम और विवरण सामने लाने की मांग करेंगे। शुभेंदु अधिकारी ने यह भी कहा कि मृतकों के परिजनों के लिए घोषित 10 लाख रुपये का मुआवजा अपर्याप्त है और उन्होंने प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य के लिए सरकारी नौकरी तथा प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि अग्निशमन मंत्री घटना के 32 घंटे बाद पहुंचे, जबकि मुख्यमंत्री ने आना जरूरी नहीं समझा।



## तारकेश्वर में दर्दनाक हादसा: गाड़ी के टायर में हवा भरने वाला एयर टैंक फटा, एक की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** तारकेश्वर थाना क्षेत्र के जयकृष्ण बाजार मोड़ इलाके में बुधवार को एक भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गाड़ी के टायर में हवा भरने के दौरान अचानक एयर टैंक फटने से यह मर्मांतक घटना घटी। मृतक की पहचान चांपाडांगा इलाके के निवासी के रूप में हुई है, जो उसी दुकान में कर्मचारी के तौर पर कार्यरत थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोज की तरह वह शुक्रवार को भी अपनी गाड़ी लेकर कार्यस्थल पहुंचे थे। सुबह करीब 11 बजे अचानक एयर टैंक में जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और देखा कि कर्मचारी खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े हैं, जबकि एयर टैंक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही तारकेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तत्काल तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में दुकान में रखा एक गाड़ी का एयर टैंक पूरी तरह नष्ट हो गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि टैंक का ढक्कन हवा में उड़कर लगभग 100 मीटर दूर जाकर गिरा। अचानक हुए इस हादसे से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया, वहीं मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।



## 'पांच जजों की बेंच से दो जजों के बेंच में कैसे आया मामला?'

❑ **चुनाव बाद हिंसा मामले की सुनवाई में हाई कोर्ट ने तलब की रिपोर्ट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट में एक अजब-गजब मामला सामने आया है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में यह बड़ा सवाल उठा कि चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की पीठ से खंडपीठ को कैसे स्थानांतरित कर दी गई। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल की पीठ में शुक्रवार को इससे संबंधित 14 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें हिंसा के पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग करने वाला एक मामला भी शामिल था। जब वादी और वकील प्रियंका टिबड़ेवाल ने उस मामले में सुनवाई का अनुरोध किया, तो मुख्य न्यायाधीश ने सवाल उठाया-पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुने जा रहे और फैसला सुनाए जा चुके मामले को नए निर्देशों के बिना डिवीजन बेंच को कैसे वापस भेजा जा सकता है। वकील इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं दे सके, इसलिए डिवीजन बेंच ने रजिस्ट्री से आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर अदालत को मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया। साथ ही, सभी पक्षों के वकीलों से मामले में अब तक दिए गए सभी फैसलों पर अदालत को सलाह देने के लिए कहा गया है। इसके लिए मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद हुई हिंसा से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की एक बड़ी पीठ का गठन किया था। उस मामले में सीबीआई जांच, मुआवजे और अन्य आदेश जारी किए गए थे। 2023 में, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में अचानक मामले की सुनवाई फिर से शुरू हुई।

## विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को बड़ा झटका, पूर्व उम्मीदवार देवव्रत विश्वास ने थामा तृणमूल का हाथ

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले जहां भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में परिवर्तन का दावा कर रही है, वहीं जमीनी स्तर पर पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ रहा है। उत्तरपाड़ा में बीजेपी समर्थकों के बीच अंदरूनी कलह के बाद अब हुगली जिले में पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार रहे देवव्रत विश्वास ने पार्टी से नाता तोड़ते हुए तृणमूल कांग्रेस में वापसी कर ली है। देवव्रत विश्वास कभी तृणमूल कांग्रेस से जुड़े थे, लेकिन करीब छह साल पहले पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने सप्तग्राम विधानसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। हालांकि उस चुनाव में उन्हें तृणमूल के दिग्गज नेता तपन दासगुप्ता के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। हाल में वह पीएम मोदी की सभा में शामिल हुए थे। तृणमूल में शामिल होने के बाद देवव्रत विश्वास ने बीजेपी नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पार्टी में रहते हुए उन्हें लगातार नजरअंदाज किया गया, किसी भी कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाता था और जिले में एक तरह का एकनायकवादी रवैया चल रहा है। इसी कारण उन्होंने बीजेपी छोड़ने का फैसला लिया।

इस मौके पर तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरिंदम गुइन ने कहा कि घर का बेटा घर लौट आया है। देवव्रत के आने से पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने यह भी बताया कि देवव्रत विश्वास के साथ-साथ करीब कई सौ बीजेपी कार्यकर्ता भी इस दिन तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह की टूट बीजेपी के लिए चिंता का विषय है, जबकि तृणमूल कांग्रेस इसे अपनी मजबूती के तौर पर देख रही है। इस दिन इस कार्यक्रम में विधायक तपन दास गुप्ता, असीमा पात्रा बैधवाटी नगरपालिका के पिंटू महतो समेत अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।



## बांकुड़ा में भाजपा कार्यकर्ता के भाई की पीट-पीटकर हत्या का आरोप, एक गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** जिले में इंदास थाना अंतर्गत खटनगर गांव में एक व्यक्ति की सरेआम पिटाई कर हत्या किए जाने के आरोप से इलाके में भारी तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान सुजय रंग के रूप में हुई है। आरोप है कि स्थानीय दो तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर गिराकर उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक सुजय रंग के भाई प्रसाद रंग इलाके में भाजपा कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता हैं। परिवार का दावा है कि गुरुवार की रात सुजय अंडा खरीदने घर से निकले थे।

उसी दौरान, स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ता नयन और पिंटू राय ने उन्हें घेर लिया और पहले मुक्कों-लातों से हमला किया। इसके बाद, धक्का देकर सड़क पर पीटा गया। घटना देख स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद दोनों आरोपित फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल सुजय को इंदास ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पाकर गुरुवार की रात इंदास के भाजपा विधायक निर्मल कुमार धारा मृतक के परिवार के साथ थाने पहुंचे। परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और आरोपित पिंटू राय को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के परिवार ने आरोपितों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

बांकुड़ा के पुलिस अधीक्षक सौम्यदीप भट्टाचार्य ने बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं. एसडीएसटीई-सीआईबी-पीएफ-मेट्रो-एचडब्ल्यूएच-26, दिनांक 29.01.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-सीआईबी-पीएफ-मेट्रो-एचडब्ल्यूएच-26 के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बंद होने की तारीख 23.02.2026 को 15.00 बजे। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नाम: अनुसूची ए - हावड़ा स्टेशन के पीएफ सं. 1 से 6 एवं पीएफ 15 पर कोच इंडीकेशन बोर्ड का प्रावधान। अनुसूची बी - हावड़ा मेट्रो साइड से स्टेशन तक प्रवेश/निकासी गेटों, डिलक्स शौचालय, सीआईटी कार्यालय के स्थानांतरण, पैसेंजर शेड, यात्रियों के लिए प्रकाश व्यवस्था एवं वीडियो वॉल से संबंधित एस एंड टी विस्तृत आंकलन कार्य। विज्ञापित मूल्य: रु. 5,97,85,112.94; बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 4,48,900; निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 0; प्रस्ताव की वैधता: 60 दिन। समापन अवधि: 6 महीने। बोली शुरू होने की तारीख: 09.02.2026.
(HWH-571/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एलआईसी कर्मी ने चुनाव कार्य के दौरान सेवा शर्तों की रक्षा के लिए किया अदालत का रुख, चुनाव आयोग से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उसके फील्ड वर्कर की उस याचिका पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें अनुरोध किया गया है कि आयोग के लिए चुनाव संबंधी कार्य करते समय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उनकी सेवा शर्तें प्रभावित ना हों। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि वे एलआईसी के कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, उन्हें समय-समय पर चुनाव संबंधी कार्यों में तैनात किया जाता रहा है। याचिकाकर्ता नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया ने अपने वकील के माध्यम से न्यायमूर्ति कृष्णा राव की अदालत में कहा कि उन्हें आशंका है कि यदि उन्हें चुनाव संबंधी कार्यों में लगाया गया, तो कंपनी में उनकी सेवा प्रभावित होगी। अदालत ने कहा कि इस मामले के निपटारे के लिए एलआईसी और निर्वाचन आयोग, दोनों को अपने-अपने हलफनामे दाखिल करने होंगे। न्यायमूर्ति राव ने सवाल किया कि जब कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के चुनाव संबंधी कार्यों के लिए भेजा जा रहा है, तो फिर उनकी सेवा क्यों प्रभावित होगी। अदालत ने एलआईसी और निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वे दो सप्ताह के भीतर हलफनामे के रूप में अपनी रिपोर्ट दाखिल करें। इसके बाद याचिकाकर्ता को उन रिपोर्ट पर एक सप्ताह के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराने की स्वतंत्रता दी गई। अदालत ने निर्देश दिया कि इस मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

याचिकाकर्ता के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने अदालत को बताया कि वे दुविधा में हैं, क्योंकि एक ओर उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन करना है, वहीं दूसरी ओर उनकी सेवा शर्तों के अनुसार लक्ष्य पूरा ना कर पाने पर दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के कर्तव्यों के कारण वे पिछले तीन महीनों से अपनी बीमा कंपनी के काम नहीं कर पा रहें हैं। उन्होंने अदालत से प्रार्थना की कि यह निर्देश दिया जाए कि निर्वाचन आयोग के लिए कर्तव्य निभाने से उनकी एलआईसी में सेवा शर्तों पर कोई असर नहीं पड़े। भट्टाचार्य ने अनुरोध किया कि निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करे कि संवैधानिक प्राधिकार के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के कारण, लक्ष्य हासिल ना कर पाने की अवधि को उनके विरुद्ध ना गिना जाए। निर्वाचन आयोग के वकील ने अदालत को बताया कि कुछ कर्मचारियों को चुनिंदा दिनों के लिए तैनात किया गया है। एलआईसी के वकील ने बताया कि बीमा कंपनी के 1,210 कर्मचारियों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि जबकि कंपनी को अपने कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के काम के लिए उपलब्ध कराना पड़ रहा है, वहीं उसकी व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

## निलंबित कर्मचारियों की बहाली की मांग तेज, अस्पताल परिसर के बाहर दूसरे दिन भी विरोध सभा

**कोलकाता :** मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लॉइज एसोसिएशन की ओर से 9 कर्मचारियों के निलंबन के विरोध में दूसरे दिन भी अस्पताल परिसर के बाहर विरोध सभा आयोजित की गई। 30 जनवरी को शांति के प्रतीक महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, इसके बाद सभा को संबोधित किया गया। इस विरोध सभा में अस्पताल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के साथ किए जा रहे कथित अन्याय के विरोध में पार्षद महेश शर्मा, सुरेश पांडेय, तारकेश्वर दुबे, प्रभात तिवारी, त्रिभुवन कुमार मिश्र, अमर पांडेय, पवन शर्मा, अशोक ओझा, श्रीधर पांडेय, विकास यादव, स्वयं प्रकाश राय, संदीप सिंह, बाबू नंद पांडेय, मुकेश दास, संदीप पांडेय, मुन्ना मंडल, रवि शर्मा, मुन्ना महतो, उदय यादव, संजय सिंह, अजीत साह, सौरभ दास, मुनेश पांडेय, गोविंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, गोपाल सिंह, अरुण सिंह, प्रदीप मिश्र, बिजेंद्र प्रसाद सिंह, सरोज मिश्रा, अशोक गुप्ता, शंकारी साहा, महंगू सिंह, शंकर चौधरी, सुरेश सिंह, श्रीराम शर्मा, सुशांत कनारार, अमर चौधरी और बबलू सिंह सहित कई लोग उपस्थित हुए। सभी ने एकजुट होकर समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में निष्कासित कर्मचारियों को शीघ्र कार्य पर बहाल करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष एवं श्रमिक नेता संतोष सिंह ने की। लगातार प्रयासों के बावजूद प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई भी प्रतिनिधि वार्ता के लिए आगे नहीं आया है।



**Name Change**

I Sukla Chunder D/o Atindra Nath Chunder R/o 5A, Alipore Park Place, Alipore, Kolkata, West Bengal-700027, have changed my name to Rina Chunder

**Name Change**

I, Chaitali Hitesh Chovatia (DOB) 31st March, 1976, daughter of Pravin Malani and wife of Hitesh R. Chovatia, residing at Enclave Building, 45/2 Chakraberia Road South, 1st Floor, Kolkata – 700025, do hereby solemnly affirm and declare that Chaitali Hitesh Chovatia and Chaitali H. Chovatia refer to the same person, myself via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 29th January 2026.

**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: आईएनओसीयू एलयूएम प्लांट-1-केपीए-सी-26, दिनांक 29.01.2026; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम एवं उसका स्थान: कैरेज कॉम्पलेक्स, कांचरापाड़ा में 100 घन मी क्षमता x 2 अदद आरसीसी इनोकुलम जेनेरेशन सुविधा संयंत्र का निर्माण। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 95,03,296.23; जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा: रु. 1,90,100/-। निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। वेबसाइट जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे: निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 27.01.2026 से 18.02.2026 को 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। कार्य समापन अवधि: 4 महीने। निविदा की वैधता: 90 दिन। प्रस्ताव जमा अवधि: 04.02.2026 से 18.02.2026 को 15.00 बजे तक। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 18.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: 18.02.2026 को 15.00 बजे के उपरांत।
(MISC-379/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### उच्च शिक्षा परिषद के नए अध्यक्ष बने गौतम पाल

**कोलकाता :** प्राथमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष गौतम पाल को उच्च शिक्षा परिषद का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने उन्हें जादवपुर विश्वविद्यालय की कार्यसमिति में अपना नामित प्रतिनिधि भी बनाया है। इससे पहले जादवपुर विश्वविद्यालय की कार्यसमिति में सरकार के प्रतिनिधि के रूप में अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर मनोजीत मंडल कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में गौतम पाल को प्राथमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनसे पहले यह पद तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य के पास था। माणिक भट्टाचार्य के कार्यकाल के समाप्त होने के बाद गौतम पाल को प्राथमिक शिक्षा परिषद का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने के साथ ही शिक्षा प्रशासन में गौतम पाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

## बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का किया गया अभिनंदन



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा सह राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा के बैनर तले कोलकाता के लोहाणा महाजन बाड़ी में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का अभिनंदन समारोह किया गया। समारोह में पश्चिम बंगाल के चंद्रवंशी सहित अति पिछड़ावर्ग के लोग भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम में उपस्थित महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रणविजय रोशन भी संबोधित किए। डॉ. सत्य नारायण सिंह, पब्लिक प्रॉस्क्यूटर संजय सिंह, बीजेपी नेता नबीन मिश्रा, प्रदेश महामंत्री पिंटू सिंह, लक्ष्मी सिंह, दिलीप सिंह, दीपक सिंह, रंजीत सिंह, संजीव सिंह, बीजेपी नेता कमलेश सिंह, पारस सिंह, बी एम सिंह एवं अनेक चंद्रवंशी उपस्थित थे। मंच संचालन संजय सिंह द्वारा किया गया। चंद्रवंशी समाज के अध्यक्षता सुरेंदर सिंह चंद्रवंशी के द्वारा किया गया एवं आयोजनकर्ता जेडी (यू) नेता अनिल सिंह चंद्रवंशी द्वारा सम्पन्न हुआ।

### आज कलकत्ता चैंबर ऑफ ट्रेड की वार्षिक आम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता चैंबर ऑफ ट्रेड की 42वीं वार्षिक आम बैठक आज शाम 6.30 बजे द पार्क होटल, कोलकाता में आयोजित होगी। राज्य में व्यापार और वाणिज्य के भविष्य के ऊपर आधारित कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा प्रस्तावित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सी. राजगोपालन, अध्यक्ष, सुंदरम फास्टनर्स लिमिटेड एवं प्रमुख वक्तामुख्य वक्ता के रूप में अध्यक्ष अरविंद पांडे, मानद अध्यक्ष फ़िरोज एच अली, संरक्षक कैजर मेहराबा, महासचिव अब्दुल कादर, निवर्तमान अध्यक्ष शब्बीर हजरत समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

## सुबह टहलने के समय को लेकर झगड़ा, बोटानिकल गार्डन में सुरक्षा कर्मी से मारपीट

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के शिबपुर बोटानिकल गार्डन में सुबह की सैर के निर्धारित समय को लेकर एक सुरक्षा कर्मी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। घायल सुरक्षा कर्मी पूर्व सैनिक बताए जा रहे हैं। घटना के बाद उद्यान में आने वाले लोगों के बीच चिंता का माहौल है। गार्डन प्रशासन ने बोटानिकल गार्डन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, सर्दियों में गार्डन में सुबह की सैर का समय सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक तय है। रोज बड़ी संख्या में लोग, खासकर बुजुर्ग, यहां टहलने आते हैं। आरोप है कि कुछ दिन पहले एक युवक तय समय खत्म होने के काफी देर बाद गार्डन से बाहर निकल रहा था। गेट पर ड्यूटी कर रहे सुरक्षा कर्मी ने उसे समय का हवाला देते हुए बाहर जाने को कहा।

इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। आरोप है कि युवक ने सुरक्षा कर्मी के चेहरे पर घूंसा मारा और गाली-गलौज की। हमले में सुरक्षा कर्मी का एक दांत टूट गया और सीने में चोट आई। गार्डन के निदेशक देवेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान सोहम दास शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि उससे संपर्क नहीं हो पाया है, जबकि सूत्रों के अनुसार वह अदालत से जमानत ले चुका है। इस मामले की जांच जारी है।

**NANDIGRAM-II DEVELOPMENT BLOCK**
**REAPARA, PURBA MEDINIPUR**

Executive officer, Nandigram-II Panchayat Samity, Purba Medinipur invites online Tender.
Notice against Tender Memo no-615/BDO-N-II/2026, Dated 29.01.2026 for 1 (One) Nos Scheme out of PATHASHREE fund.
Last Date of application for above Tenders is on 11.02.2026 upto 5:00 P.M.
Notice against Tender Memo no-40/EO-N-II/2026, Dated-30.01.2026 for 1 (One) Nos Scheme out of SED fund.
Last Date of application for above Tenders is on 13.02.2026 upto 5:00 P.M.
Details of tender are available in WB Govt. tender site
Sd/-
Block Development Officer,
Nandigram-II, Dev. Block

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**
ध्यान दें! डायग्नोस्टिक सेंटर/अस्पताल
अधिसूचना सं.: एचजी/एमईडी/टाई-अप/आरपीएच/2026

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ऑर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा इच्छुक डायग्नोस्टिक सेंटर/अस्पताल से रामपुरहाट हेल्थ यूनिट के रेलवे रोगियों को 02 (दो) वर्ष के लिए पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, यूएसजी एवं दूसरे प्रकार की जांच की सुविधाएं देने के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि और समय 10.03.2026 को 14.00 बजे तक है। विवरण पूर्व रेलवे की वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in under Division-Howrah-Department-Medical के तहत उपलब्ध हैं।
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**
हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### सिलीगुड़ी में बीएलओ की मौत, टीएमसी ने काम के दबाव में की आत्महत्या का दावा

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी में एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की असामान्य मौत को लेकर सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान श्रवण कुमार कहार के रूप में की गई है। वह सिलीगुड़ी नगर निगम के वार्ड एक के निवासी थे और हिंदी प्राथमिक में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को वह पहाड़ की ओर गए थे, जहां किसी तरह तीस्ता नदी में गिरने से उनकी मौत हो गई। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि काम के अत्यधिक दबाव के कारण उन्होंने आत्महत्या की है। फिलहाल, इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। इस बीच, मृतक बीएलओ के शोकाकुल परिवार के पास खड़े होने के लिए तृणमूल कांग्रेस के नेता उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## भक्ति, श्रद्धा और सौंदर्य का संगम, 1100 लड्डू गोपाल संग भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न





**कोलकाता :** उड़ान द्वारा आयोजित लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम स्थल पर 1100 लड्डू गोपाल का अद्भुत संगम, मनमोहक झांकियां और भक्ति रस से भरपूर भजनों ने ऐसा वातावरण बनाया मानो पूरा परिसर वृंदावन धाम में परिवर्तित हो गया हो। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न स्वरूपों में सजकर अपनी प्रस्तुति दी। जूरी सदस्य नैना मोर एवं अन्य निर्णायक मंडल द्वारा रूपा मूंदड़ा के लड्डू गोपाल स्वरूप को खाटू श्याम दर्शन हेतु विजेता घोषित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय पूज्य 108 पंडित शिरोमणि श्री संतोष शर्मा की उपस्थिति में विधिवत पूजन के साथ हुआ। चंद्रकांता एवं महेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित किया। दमकल विभाग के मंत्री सुजीत बोस की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजन का उद्घाटन संपन्न हुआ। लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी के लिए सरिता, मीनू शर्मा, संगीता राठी, रचना कोठारीवाल, मधु गुप्ता, शीतल अग्रवाल एवं निशा अग्रवाल को सुजीत बोस द्वारा पुरस्कृत किया गया। विमला तोड़ी एवं उड़ान की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल के मार्गदर्शन में अतिथियों का स्वागत किया गया। सभापति उमा झवर तथा सचिव मनीषा ने कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में ऊषा गोपाल नरेडी, इंदु सुशील गोयनका, वीरम प्रकाश सुल्तानिया, संतोष संजय कंसल, दर्शन संदीप गर्ग, रितु संजय अग्रवाल, कांतादेवी लखी प्रसाद पंसारी, कावेरी मनमोहन अग्रवाल, कृष्णा रामफूल मित्तल, सरिता निर्मल सराफ, सुभाष मुरारका, ललित प्रहलादका, विकास पोद्दार, संजय हरलालका, गोविंद राम ढानेवाला, सावित्री सुरेश गुप्ता, संजय पोद्दार, सतीश अग्रवाल, सुशील चौधरी, बजरंगलाल, सुशील गोयल, प्रमोद अग्रवाल, अश्विन टेकरीवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही। संयोजक लक्ष्मण अग्रवाल ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। भजनों से समां बांधने का श्रेय देवेंद्र बैंगनी, मोनू सुल्तानिया, विकास अग्रहरि, कविता अग्रवाल, नरेन सोनी एवं अतुल कृष्णा को गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा दीपांकर जिंदल, मधु संजय गुप्ता, महावीर राठी, अशोक मढ़ोगाड़िया, सीमा विशाल अग्रवाल, श्वेता गोपाल टिबड़ीवाल, रश्मि संजय पोद्दार, साखी संजय सरावगी, रंजना दीपक अग्रवाल, सरिता मनोज शर्मा, खुशी नीलम शर्मा, भावना, प्रभा अग्रवाल, पायल, रचना कोठारीवाल, रितु मित्तल, रश्मि सराफ, मनोज-नीतू अग्रवाल, मधु, हेमा किसान सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा सियालदह मंडल के तहत 8 स्टेशनों में पे एंड यूज शौचालय लॉटों के संचालन तथा रखरखाव के लिए www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया गया है। नीलामी सूचीपत्र सं.: पीएनयू-एसडीएएच-10-26। नीलामी शुरू: 11.02.2026 को 13.00 बजे। क्रमांक, लॉट सं., स्टेशन का नाम निम्नलिखित हैं: (1) पीएनयू-एसडीएएच-केबीजीबी-टीआईओ-100-26-1, कोमागाता मारु बजबज, (2) पीएनयू-एसडीएएच-एमजेटी-टीआईओ-75-26-1, माझेरहाट, (3) पीएनयू-एसडीएएच-जीआईए-टीआईओ-89-26-1, गड़िया। (4) पीएनयू-एसडीएएच-एलकेएफ-टीआईओ-97-26-1, लेक गार्डन्स, (5) पीएनयू-एसडीएएच-एसपीआर-टीआईओ-91-26-1, सोनारपुर। (6) पीएनयू-एसडीएएच-आईपी-टीआईओ-83-26-1, ईछापुर। (7) पीएनयू-एसडीएएच-केएनआर-टीआईओ-104-26-1, कांकीनाड़ा। (8) पीएनयू-एसडीएएच-एमबीबी-टीआईओ-124-25-1, मुर्शिदाबाद। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (SDAH-374/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मंत्री 50 करोड़, वित्त मंत्री 150 करोड़ रु. तक की परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति दे सकेंगे: योगी



## लखनऊ के सात प्रवेश मार्गों पर बनेंगे आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पहचान वाले भव्य द्वारः आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ को आकर्षक, भव्य और विशिष्ट सांस्कृतिक स्वरूप देने के उद्देश्य से शहर के सभी सात प्रमुख प्रवेश मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वार विकसित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा है कि राजधानी में प्रवेश करते ही उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहचान स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। एक बयान के मुताबिक शुक्रवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर संबंधित सांस्कृतिक और धार्मिक गंतव्यों की पहचान को दर्शाने वाले प्रवेश द्वार बनाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मार्ग पर विकसित किया जाने वाला प्रवेश द्वार उस गंतव्य की पौराणिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रतिबिंबित करने वाला होना चाहिए।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा को बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये किया जाए जो अभी तक 10 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि इसी तरह 50 से 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से तथा 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से दी जाए। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना हर हाल में 15 अप्रैल तक स्वीकृत करा लें। बयान के अनुसार, समयसीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। योगी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने पर विभाग को कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करना होगा। इस दौरान उन्होंने राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की व्यवस्था, एकमुश्त प्रावधान, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार प्रक्रियाएं, पेंशन व्यवस्था और विभागीय नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मियों का मानदेय हर माह तय तिथि पर उनके बैंक खातों में अंतरित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से समय पर मानदेय जारी करे। बयान में कहा गया है कि वित्त विभाग ने पिछले तीन वर्षों में कई सुधार किए हैं। कोषागार सुधारों के तहत 'साइबर ट्रेजरी' के माध्यम से खातों का पूर्णतः पेपरलेस प्रेषण अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाएगा। शासकीय भवनों के अनुरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

### बिहार विधानसभा में शून्यकाल की सूचना ऑनलाइन देने पर बनी सहमति

**पटना:** बिहार विधानसभा में शून्यकाल की सूचना ऑनलाइन दिए जाने को लेकर शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए शून्यकाल को ऑनलाइन किए जाने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इससे सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण समय बचेगा। बैठक में मौजूद सभी दलों के विधायकों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं से सदन के सुचारू संचालन में सकारात्मक सहयोग देने की अपील की, जिस पर सभी दलों ने सहमति व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा का बजट सत्र दो फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। डॉ. कुमार ने कहा कि बजट सत्र के सफल और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि सत्र सुचारू रूप से संचालित होता है तो अधिकाधिक विधायी और अन्य कार्यों का निष्पादन किया जा सकेगा। अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी सत्र में सदन में जनहित के विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श होगा और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष परस्पर सहयोग से जन समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करेंगे।

## न्यूज अपडेट

### राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने राष्ट्रपति मुर्मू को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया

**अयोध्या:** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अयोध्या आने और मंदिर में दर्शन और प्रार्थना करने के लिए आमंत्रित किया है। मिश्र ने संवाददाताओं से कहा कि ट्रस्ट के सदस्यों ने हाल ही में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और अयोध्या आने का औपचारिक निमंत्रण दिया। मिश्र ने कहा, ट्रस्ट के सदस्यों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें राम मंदिर आने के लिए आमंत्रित किया। हमें उम्मीद है कि शायद मार्च में वह अपने कार्यक्रम में कोई तारीख तय कर पाएंगी। हालांकि हमें कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है, लेकिन हमें अनौपचारिक रूप से पता चला है कि वह सहमत हो गई हैं। मिश्र ने रामायण से संबंधित प्राचीन पांडुलिपियों के बारे में भी जानकारी दी, जिन्हें मंदिर परिसर में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नयी दिल्ली) ने ट्रस्ट को एक दुर्लभ 400 साल पुरानी पांडुलिपि भेंट की है, जिसमें प्राचीन संस्कृत लिपि में वाल्मीकि के शब्द लिखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह पांडुलिपि पहले राष्ट्रपति भवन संग्रहालय को दी गई थी, लेकिन यह जानने के बाद कि अयोध्या मंदिर की दूसरी मंजिल पर रामायण से संबंधित साहित्य के लिए एक विशेष जगह होगी, विश्वविद्यालय ने ट्रस्ट के अनुरोध पर पांडुलिपि को स्थायी रूप से भेंट करने का फैसला किया।

### चिराग पासवान की पार्टी ने 12 राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की नियुक्ति की

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शुक्रवार को तीन मौजूदा सांसदों और दो विधायकों सहित 12 नेताओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल खालिक द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर जिन नेताओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता नामित किया गया है, उनमें सांसद अरुण भारती, शांभवी और राजेश वर्मा शामिल हैं। जमुई से सांसद अरुण भारती, चिराग पासवान की बड़ी बहन के पति हैं। सूची में एकमात्र महिला शांभवी हैं, जो जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री हैं तथा समस्तीपुर से सांसद हैं। खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा को पासवान का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है। प्रवक्ता पैनल में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक राजू तिवारी तथा पूर्व मंत्री मुरारी गौतम भी शामिल हैं, जो पहले कांग्रेस में थे।

### पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आरोपपत्र को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर के एक मामले में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आरोपपत्र और समन के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल द्वारा पारित किया गया। इरफान सोलंकी के खिलाफ दिसंबर, 2022 में जाजमऊ पुलिस थाने में गैंगस्टर कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें सोलंकी को गिरोह के सरगना के तौर पर नामजद किया गया था। यह गैंगस्टर कानून नवंबर, 2022 में सोलंकी द्वारा एक झोपड़ी में कथित तौर पर आग लगाने के लिए लगाया गया था। इस मामले में जांच पूरी हुई और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं असामाजिक गतिविधियां (निरोधक) कानून, 1986 के धारा 3(1) के तहत इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, इस्राइल आटेवाला, मोहम्मद शरीफ और शौकत अली के खिलाफ 27 जून, 2023 को आरोपपत्र दाखिल किया गया। इरफान ने निचली अदालत द्वारा जारी समन के आदेश सहित पूरे मुकदमे को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी।

### लखनऊ पुलिस थाने से सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं होने पर अदालत ने सख्त रुख अपनाया

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवायी के दौरान पीजीआई थाने की सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने पर सख्त रुख अपनाया। अदालत ने पुलिस आयुक्त द्वारा थाने के सीसीटीवी प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ी की बात कहने पर, नाराजगी जताते हुए कहा है कि तकनीकी गड़बड़ी का हवाला देकर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधान सचिव (गृह) को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करके इस संबंध में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवायी 18 फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने विवेक सिंह के पिता द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है।

### बलिया में ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा की मौत

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शुक्रवार को एक ट्रक ने पीछे से साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नागरा क्षेत्र के कमराउली गांव की निवासी कविता यादव (19) अपराह्न लगभग 3:30 बजे जय प्रकाश महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपनी कक्षाएं पूरी करने के बाद साइकिल से घर लौट रही थी। तभी एक ट्रक ने उसकी साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण कविता की मौके पर ही मौत हो गयी। नागरा पुलिस थाने के प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक फरार है और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

### सीबीएन ने लखनऊ में करीब दो करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की, एक तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ:** केंद्रीय मादक पदार्थ ब्यूरो (सीबीएन) ने शुक्रवार को एक कथित तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 280 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जब्त हेरोइन की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.96 करोड़ रुपये है। सीबीएन की उत्तर प्रदेश इकाई के उपायुक्त प्रवीण बाली ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह बरामदगी बख्शी का तालाब तहसील के लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित इंतौजा टोल प्लाजा पर चलाए गए एक अभियान के दौरान की गई। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान विशिष्ट सूचना के आधार पर चलाया गया था। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के लखनऊ में हेरोइन पहुंचाने के लिए जाने की सूचना मिली थी जिसके बाद सीबीएन की एक टीम ने उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की बस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 0.280 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये है।

### बलिया में मृत रेलवे कर्मी की पत्नी बनकर धोखाधड़ी से पेंशन लेने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले की रसड़ा कोतवाली पुलिस ने कथित तौर पर मृत रेलवे कर्मचारी की पत्नी बनकर धोखाधड़ी से पेंशन लेने के मामले में आरोपी और अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के भेलाई गांव निवासी धर्मेंद्र यादव की तहरीर पर बृहस्पतिवार को पार्वती देवी, दिवंगत मालधनी के परिजनों और रसड़ा विकास खंड के अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि रेलवे में कर्मचारी मालधनी को सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन मिलने लगी और उनकी 28 अगस्त 2007 को मृत्यु होने बाद उनकी पत्नी प्रभावती देवी पेंशन लेती रहीं। शिकायत के अनुसार प्रभावती देवी की 21 मार्च 2014 को मृत्यु हो गई जिसके बाद उनके परिजनों ने पार्वती देवी नामक महिला को प्रभावती देवी बता कर सेंट्रल बैंक की रसड़ा शाखा से फर्जी तरीके से पेंशन ली।

### बिहार के वैशाली में महिला का शव बरामद

**हाजीपुर:** बिहार के वैशाली जिले में 25 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक महिला का शव उसके घर के बाहर से मिला है और उस पर गोली के निशान हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात हाजीपुर के चौहट्टा इलाके में हुई। मृतका के पति ने स्थानीय थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके एक पड़ोसी ने महिला को गोली मार दी। एक यह जानकारी दी। वैशाली सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुभाष कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। कुमार ने कहा, बृहस्पतिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि एक विवाहित महिला को गोली लगने के बाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में आपत्तियां दाखिल करने का निर्देश

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मुकदमों में लंबित कुछ आवेदनों पर शुक्रवार को गौर किया और अगली तिथि तक पक्षकारों को संशोधनों समेत अपनी आपत्तियां दाखिल करने का निर्देश दिया। दोनों पक्षकारों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने अगली सुनवाई की तिथि 20 फरवरी, 2026 तय की। सुनवाई के दौरान, अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने एक आवेदन दाखिल कर उन्हें सभी मुकदमों के लिए प्रतिनिधि बनाए जाने का अनुरोध किया। अदालत ने कहा कि वह अगली तिथि पर इस आवेदन पर आदेश पारित करेगी। इससे पूर्व, अदालत ने कहा था, यह रिकॉर्ड स्थूल है। पक्षकार सभी लंबित आवेदनों में आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं ताकि इन आवेदनों पर जल्द निर्णय किया जा सके। कार्यालय को सामान्य नियम (दीवानी) के मुताबिक फाइल को पुनः व्यवस्थित कर उसे क्रमवार रखने का निर्देश दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और मंदिर का पुनर्निर्माण करने के लिए 18 वाद दाखिल किए हैं।

## योगी 40 दिन में गोहत्या पर रोक लगा खुद को हिंदू प्रेमी साबित करें : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी:** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कहा कि वह (योगी) 40 दिन में 'गोहत्या पर रोक लगाकर अपने हिंदू प्रेमी होने की प्रतिबद्धता'' साबित करें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज प्रशासन द्वारा संगम में स्नान करने से रोके जाने के विरोध में 18 जनवरी से जारी अपने धरने को औपचारिक तौर पर शुक्रवार को समाप्त कर दिया। उन्होंने वाराणसी में संवाददाताओं से कहा, जब मैं वहां (प्रयागराज) 11



दिन तक बैठा रहा, तब किसी भी अधिकारी ने मुझे स्नान करने के लिए नहीं कहा। अब बहुत देर हो चुकी है। मैं अगले साल माघ मेले में जाऊंगा और सम्मान के साथ स्नान करूंगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती देते हुए कहा, 'वह 40 दिन के भीतर गोहत्या पर रोक लगाकर अपने हिंदू प्रेमी होने की प्रतिबद्धता साबित करें।' उन्होंने कहा, हमारी पहचान के प्रमाण मांगे गए और हमने उन्हें प्रस्तुत कर दिया। अब आपको अपने हिंदू प्रेमी होने का प्रमाण देना होगा। ज्योतिषपीठ के प्रमुख ने कहा, हिंदू होने की पहली सीढ़ी गो-प्रेमी होना है। गाय को 'राष्ट्र माता' घोषित करें और उत्तर प्रदेश से गोमांस का निर्यात रोकें, तब हम मानेंगे कि आप हिंदू प्रेमी हैं। इस बीच, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई

## बिहार : रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष बने विधायक आलोक कुमार सिंह

**पटना:** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को पार्टी में संगठनात्मक फेरबदल करते हुए कई नेताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपीं। कुशवाहा ने दिनारा विधानसभा सीट से विधायक आलोक कुमार सिंह को रालोमो की बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा हिमांशु पटेल को प्रधान महासचिव तथा निवर्तमान प्रभारी



प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (संगठन) की जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि रालोमो के कुछ विधायक, उपेंद्र कुशवाहा द्वारा अपने बेटे को पार्टी कोटे से मंत्री बनाए जाने के बाद से नाराज बताए जा रहे थे। हालांकि, इस संबंध में पूछे गए सवालों पर संवाददाता सम्मेलन में उपेंद्र कुशवाहा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पार्टी में किसी तरह की कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने कहा कि नाराजगी से जुड़ी खबरें उन्हें केवल मीडिया के माध्यम से ही मिल रही हैं। विधायक रामेश्वर महतो के संवाददाता सम्मेलन में मौजूद नहीं रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह कोई विधायक दल की बैठक नहीं थी, इसलिए सभी विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं थी।

## पटना में भूमि विवाद में महिला की गोली मारकर हत्या, दो घायल



**पटना:** पटना में भूमि विवाद को लेकर शुक्रवार को एक महिला की उसके भतीजे ने गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि इस घटना में दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना राज्य की राजधानी के फतुहा इलाके में हुई। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुंदन कुमार ने बताया कि भूमि को लेकर सुबह करीब 7.30 से 7.45 बजे के बीच दो भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हुई। उन्होंने बताया, विवाद के दौरान भाइयों में से एक ने अपनी चाची को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक ग्रामीण और महिला का बेटा भी गोली लगने से घायल हो गए। आरोपी के घर से घटना में इस्तेमाल की गई दो पिस्तौल, एक तलवार और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) फतुहा-1 के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### गोरखपुर में पुल के नीचे मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के पीपीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पुलिस ने एक पुल के नीचे निर्वस्त्र अवस्था में एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की हत्या कहीं और की गई तथा बाद में शव को बैरघट्टा पुल के नीचे फेंक दिया गया। अधिकारी ने बताया, ऐसा प्रतीत होता है कि महिला का सिर ईंट से कुचला गया था और शरीर के विभिन्न हिस्सों पर चोट के कई निशान पाए गए हैं। सुबह सैर पर निकले लोगों ने शव देखा, जिसके बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाए। श्वान दस्ते को भी मौके पर लगाया गया, जिसने घटनास्थल से बैरघट्टा गांव की ओर करीब 200 मीटर तक तलाश की, लेकिन फिर वापस लौट आया।

## बिहार क्रिकेट संघ ने पटना में विश्वस्तरीय क्रिकेट परिसर निर्माण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**पटना:** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने पटना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिसर (आईसीसी) के निर्माण के लिए एक वाणिज्यिक निर्माण प्रबंधन कंपनी के साथ 498 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रस्तावित आईसीसी लगभग 25 से 30 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों की सुविधाएं होंगी। बीसीए के अध्यक्ष हर्ष वर्धन ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, यह परियोजना बिहार में क्रिकेट विकास के लिए संघ की दीर्घकालिक दृष्टि को दर्शाती है। इस परिसर से भविष्य में राज्य की बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी करने की क्षमता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय, प्रशिक्षण और अभ्यास सुविधाएं विकसित करने को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि प्रतिभाओं को निखारने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बीसीए के सचिव जियाउल आरफीन ने भी कहा कि यह परिसर बिहार क्रिकेट के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने कहा, यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी और इससे बिहार के खिलाड़ियों को राज्य के भीतर ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बीसीए द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस परियोजना में मुख्य क्रिकेट स्टेडियम, आधुनिक पवेलियन, अभ्यास विकेट, इनडोर प्रशिक्षण सुविधाएं, खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम, मीडिया सेंटर, प्रशासनिक ढांचा और लगभग 300 खिलाड़ियों के लिए आवासीय सुविधाएं शामिल हैं।

## मेरठ में मुठभेड़ के बाद डकैती मामले में वांछित दो बदमाश गिरफ्तार

**मेरठ (उप्र) :** मेरठ जिले में पुलिस ने डकैती की एक घटना में वांछित दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को जांच के दौरान थाना किठौर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर गोलीबारी किए जाने पर पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक अभियुक्त घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल अभियुक्त की पहचान गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी निवासी मोहसिन के रूप में की है। वहीं, गिरफ्तार दूसरे अभियुक्त की पहचान मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र के मुंडाली गांव निवासी साकिब उर्फ अंडा के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 20 और 21 जनवरी की दरमियानी रात को ग्राम मुंडाली में नकदी और आभूषण लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में मुंडाली थाने में मामला दर्ज किया गया था।

## मुठभेड़ों में आरोपियों की टांग में गोली मारने के लगातार मामलों को लेकर पुलिस को अदालत की फटकार

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक आरोपी को जमानत दे दी और आरोपियों के घुटने या उससे नीचे गोली मारने की लगातार घटनाओं के लिए पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने यह संकेत भी दिया कि ऐसी मुठभेड़ों को समय से पहले पदोन्नति पाने या सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध होने के लिए रचा गया हो सकता है। राजू उर्फ राजकुमार नाम के एक आरोपी की जमानत याचिका मंजूर करते हुए न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने कहा, इस तरह की कार्रवाई की कानून की नजर में अनुमति नहीं है क्योंकि आरोपी को सजा देने का काम न्यायपालिका का है। भारत एक लोकतांत्रित देश है जो संविधान से चलता है जिसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका स्पष्ट रूप



से अलग की गई है। अदालत ने कहा, प्रशंसा की आड़ में या अन्य बाहरी उद्देश्यों के लिए पुलिस अधिकारियों को अनावश्यक रूप से गोली चलाकर एक अपराधी को दंडित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती क्योंकि दंड देने का काम न्यायपालिका का है। अदालत के पूर्व के निर्देश के मुताबिक, प्रदेश के अपर गृह सचिव संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए शुक्रवार को उच्च न्यायालय के समक्ष पेश हुए और पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम महाराष्ट्र सरकार (2014) के मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के अनुपालन में एक अगस्त, 2017 और 11 अक्टूबर, 2024 को डीजीपी द्वारा जारी सर्कुलर पेश किया। उच्चतम न्यायालय ने उक्त मामले में उन पुलिस मुठभेड़ के संबंध में निर्देश जारी किए थे जिनमें आरोपी की मृत्यु होती है या वह गंभीर रूप से घायल होता है। हालांकि, अदालत ने इन अधिकारियों के जवाब से असंतुष्टि जताते हुए निर्देश दिया कि यदि मुठभेड़ में पुलिस द्वारा गोलीबारी की जाती है जिससे आरोपी या कोई अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होता है तो इस संबंध में मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम के मुखिया द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और इसकी जांच सीबीसीआईडी या किसी अन्य थाने की पुलिस टीम द्वारा की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी की नई गाइडलाइन पर रोक का भारत क्षत्रिय समाज ने किया स्वागत

**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) की हाल ही में जारी नई गाइडलाइन पर अगले आदेश तक रोक लगाए जाने के फैसले का भारत क्षत्रिय समाज ने स्वागत किया है। संगठन ने इसे न्यायसंगत और संतुलित निर्णय बताते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला कदम बताया। भारत क्षत्रिय समाज के सचिव रविंद्र सिंह दीपक ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय ऐतिहासिक है और इससे सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन लंबे समय से इस गाइडलाइन पर पुनर्विचार की मांग कर रहा था। समाज के संयोजक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यूजीसी द्वारा जारी नई गाइडलाइन को लेकर संगठन ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि प्रस्तावित प्रावधानों से कुछ वर्गों के हित प्रभावित हो सकते थे। इसी संबंध में भारत क्षत्रिय समाज ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर गाइडलाइन को निरस्त करने की मांग की थी। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन ने 7 फरवरी को कोलकाता स्थित राज्य भवन/लोक भवन में धरना प्रदर्शन की अनुमति के लिए आवेदन किया है, जो फिलहाल सरकार के पास लंबित है। संगठन के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह अन्य कानूनी विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं। समाज ने उम्मीद जताई कि अंतिम निर्णय सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।

### राजस्थान के कई इलाकों में शनिवार से बारिश का अनुमान

**जयपुर :** एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के कई इलाकों में शनिवार से बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 31 जनवरी को राज्य के अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में आकाशीय बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। एक और दो फरवरी को भी उत्तरी व पूर्वी राजस्थान के अजमेर, कोटा, जयपुर व भरतपुर संभाग में आकाशीय बिजली के साथ कहीं-कहीं हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में मौसम के मुख्यतः शुष्क रहने का अनुमान है। इस बीच राज्य में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। शनिवार सुबह कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। शुक्रवार सुबह तक के चौबीस घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहा और कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है।

# राहुल ने राष्ट्रपति के 'ऐट होम' कार्यक्रम में 'गमोसा' नहीं पहनकर पूर्वोत्तर का अपमान

**डिब्रूगढ़ :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि उन्होंने गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित 'ऐट होम' कार्यक्रम में उन्हें भेंट किया गया 'गमोसा' पहनने से इनकार कर पूर्वोत्तर का अपमान किया है। शाह ने यहां 'खानिकार परेड ग्राउंड' में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि विदेश से आए अतिथियों समेत सभी गणमान्य लोगों ने सम्मान के प्रतीक के तौर पर 'गमोसा' पहना था, लेकिन गांधी ''एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने इसे पहनने से इनकार कर दिया।'' उन्होंने गांधी से पूछा, ''पूर्वोत्तर के लोगों के प्रति उनकी क्या शत्रुता है... इस क्षेत्र के लोगों के साथ ऐसा अन्याय क्यों?'' शाह ने कहा, ''राहुल गांधी जो चाहें कर



सकते हैं, लेकिन जब तक भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सत्ता में है, वह पूर्वोत्तर की संस्कृति का कोई अपमान नहीं होने देगी।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में असमिया 'गमोसा' पहना और वैष्णव संत शंकरदेव और माधवदेव के बारे में बात की, जिससे राज्य की संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रसार हुआ। शाह ने कांग्रेस पर घुसपैठ को ''वोट बैंक की राजनीति के लिए हथियार'' की तरह इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''भाजपा के सत्ता में आने के बाद असम में कोई घुसपैठ नहीं हुई है। जो लोग अवैध रूप से भारत आए हैं, उनकी पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाएगा।'' शाह ने कहा कि पिछले चुनाव से पहले, भाजपा ने वादा किया था कि घुसपैठ, जिसने ''असम की जनसांख्यिकी को बदल दिया और देश की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया'', को रोका जाएगा और ''हमने अपना वादा निभाया''।

## ईयू-भारत एफटीए से सुनिश्चित होगा कि असम की चाय बिना शुल्क यूरोपीय देशों तक पहुंचे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते से सुनिश्चित होगा कि असम चाय की खेप बिना किसी शुल्क यूरोपीय देशों तक पहुंचे। शाह ने यहां खानिकर परेड ग्राउंड में एक जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल के व्यापार समझौते के जरिये असम की चाय की पेरिस और बर्लिन के साथ-साथ यूरोपीय संघ के अन्य देशों तक पहुंच सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, ''यूरोपीय संघ-भारत व्यापार समझौता यूरोपीय देशों में असम की चाय के निर्यात को और बढ़ावा देगा।''

## अमित शाह ने असम में 1,715 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के डिब्रूगढ़ में दूसरे विधानसभा परिसर समेत 1,715 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुक्रवार को लोकार्पण किया। शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, ऊपरी असम के विधानसभा क्षेत्रों के सांसदों एवं विधायकों, राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों तथा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में इन परियोजनाओं का लोकार्पण किया। शाह ने यहां खानिकर परेड ग्राउंड में परियोजनाओं की ऑनलाइन तरीके से शुरुआत करने के बाद कहा, ''हमने कांग्रेस की कई सरकारें देखी हैं और उन्होंने कई घोषणाएं कीं, लेकिन ये वास्तविकता में तब्दील नहीं हुईं; लेकिन शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इसे लागू करने का कदम उठाया है।''

## भाजपा विकास और सुरक्षित राज्य के एजेंडे पर असम चुनाव लड़ेगी

**गुवाहाटी :** असम विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के भाजपा नेतृत्व को विकास और सुरक्षित राज्य के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने की शुक्रवार को सलाह दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजर राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने पर है। असम की दो दिवसीय यात्रा पर आए शाह ने यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा की प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ लगभग दो घंटे बैठक की। इस बैठक में राज्य चुनावों के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। राज्य में मार्च-अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है। बंद कमरे में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा की असम इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा, ''विकास और सुरक्षित असम हमारे दो चुनावी मुद्दे होंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि शाह ने बहुमूल्य सुझाव दिए और उनके आधार पर राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए जल्द ही एक कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## तमिलनाडु के कुछ इलाकों में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए

**मदुरै :** तमिलनाडु के विरुध-नगर, श्रीविल्लिपुत्तूर और आसपास के इलाकों में बृहस्पतिवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंपों की निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने बताया कि विरुधुनगर और आसपास के इलाकों में रात करीब नौ बजकर छह मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार, रात करीब नौ बजकर छह मिनट पर 3 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र कोच्चि से 167 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में व तिरुचिरापल्ली से 185 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के बाद निवासी अपने घरों से बाहर निकलकर मुख्य सड़क पर जमा हो गए। इस बीच, सोशल मीडिया पर निवासियों ने अपने अनुभव साझा किए।

## ईडी ने दिवंगत आईएएस अधिकारी अरविंद जोशी से जुड़ी पांच करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कीं

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने मध्य प्रदेश कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस)दिवंगत अधिकारी अरविंद जोशी के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत आवासीय भूखंडों, कृषि भूमि और एक रिजॉर्ट सहित करीब पांच करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां कुर्क की हैं। पूर्व प्रधान सचिव रैंक के अधिकारी अरविंद जोशी का 2022 में 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। ईडी पिछले आठ वर्षों से जोशी और उनकी पूर्व आईएएस पत्नी टीनू जोशी के खिलाफ कथित तौर पर आय के ज्ञात स्रोत से 41.87 करोड़ रुपये की अधिक संपत्ति रखने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रही है।

## सरकार ने धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद विंगो ऐप को 'ब्लॉक' किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने विंगो ऐप को कथित तौर पर उपयोगकर्ताओं के फोन से फर्जी एसएमएस भेजने और उनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर संदेश आधारित साइबर अपराध करने के आरोप में 'ब्लॉक' कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध रोधी एजेंसी, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एंड्रॉइड ऐप के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की। एजेंसी ने कहा कि ऐप उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों द्वारा चलाए जा रहे एसएमएस धोखाधड़ी नेटवर्क में भागीदार बन रहे थे। शिकायतों के बाद, सरकार ने ऐप के नियंत्रण केंद्र को 'ब्लॉक' कर दिया। आई4सी ने बताया कि 1.53 लाख उपयोगकर्ताओं वाले चार टेलीग्राम चैनल और ऐप का प्रचार करने वाले 50 से अधिक यूट्यूब वीडियो भी ब्लॉक कर दिए गए। आई4सी के अनुसार, एक बार उपयोगकर्ता द्वारा ऐप डाउनलोड करने के बाद, यह साइबर अपराध करने के लिए उपयोगकर्ता के फोन के माध्यम से संदेश भेजना शुरू कर देता था।

## सरकार 'सभी के लिए न्याय' सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध यूजीसी नियम विवाद पर भाजपा

**नयी दिल्ली :** भाजपा ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के विवादास्पद समानता नियमों पर कोई टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि वह किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में इस नियम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सरकार ''सभी के लिए न्याय'' सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उच्चतम न्यायालय ने जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए यूजीसी द्वारा पारित हालिया समानता विनियमों पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। न्यायालय ने कहा कि ढांचा ''प्रथम दृष्टया अस्पष्ट'' है, तथा इसके ''बहुत व्यापक परिणाम हो सकते हैं और अंततः यह समाज को ''खतरनाक प्रभाव'' के साथ विभाजित कर सकता है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में आठ लाख रुपए के इनामी चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कुल आठ लाख रुपये के इनामी चार नक्सलियों ने हथियारों के साथ सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि दो महिलाओं सहित सभी माओवादी दक्षिण बस्तर डिवीजन के तहत किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य थे। नक्सलियों ने पूना मार्गेम पहल के तहत आत्मसमर्पण किया है। सुंदरराज ने बताया कि माओवादी राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी प्रभावित थे। उन्होंने बताया कि एरिया कमेटी सदस्य सोढ़ी जोगा पर पांच लाख रुपये का और तीन अन्य पार्टी सदस्य डाबर गंगा उर्फ मडकम गंगा, सोढ़ी राजे और माड़वी बुधरी पर एक-एक लाख रुपए का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि माओवादी सदस्यों ने एक इंसास राइफल, एक सिंगल लोडिंग राइफल (एसएलआर), एक .303 राइफल, एक .315 राइफल और गोला-बारूद के साथ आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले और अल्लूरी सीताराम राजू जिले (आंध्र प्रदेश) की पुलिस ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुंदरराज ने बताया कि यह आत्मसमर्पण किस्टाराम और गोलापल्ली क्षेत्रों में स्थापित नवीन सुरक्षा शिविरों, सीधे सड़क कनेक्टिविटी बढ़ने, लगातार प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान में मिली सफलता के परिणामस्वरूप संभव हो पाया है। सुरक्षा शिविरों की स्थापना के बाद माओवादियों की गतिविधियां सीमित हुई हैं तथा उनके स्वतंत्र विचरण क्षेत्र का दायरा समाप्त हुआ है।

## गणतंत्र दिवस परेड रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने सर्वश्रेष्ठ टुकड़ियों और झांकी विजेताओं को पुरस्कार दिए

**नयी दिल्ली :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस वर्ष की गणतंत्र दिवस परेड में सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं में सर्वश्रेष्ठ घोषित की गयी भारतीय नौसेना की टुकड़ी को शुक्रवार को पुरस्कार प्रदान किया। केंद्रीय मंत्री ने झांकी श्रेणियों में शीर्ष पुरस्कार जीतने वाली टुकड़ियों को भी सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली छावनी स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में आयोजित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नौसेना की परेड टुकड़ी ने तीनों सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ परेड टुकड़ी का पुरस्कार जीता जबकि दिल्ली पुलिस की टुकड़ी को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और अन्य सहायक बलों में सर्वश्रेष्ठ परेड टुकड़ी घोषित किया गया। गणेशोत्सव को प्रदर्शित करने वाली झांकी के लिए




महाराष्ट्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में शीर्ष पुरस्कार जीता जबकि मंत्रालयों व विभागों की श्रेणी में संस्कृति मंत्रालय की 'वंदे मातरम' की 150 साल पुरानी विरासत का जश्न मनाने वाली झांकी विजेता बनी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी श्रेणी में जम्मू-कश्मीर ने दूसरा पुरस्कार और केरल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सेठ ने परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेताओं को बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि 26 जनवरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के राष्ट्र के संकल्प की पुष्टि करता है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अंतिम बैठक आयोजित

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की अंतिम बैठक महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री सौमित्र मजूमदार सहित सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे में राजभाषा के प्रयोग और प्रसार से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। महाप्रबंधक ने राजभाषा के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और अधिकारियों को उनके क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यालय में समय-समय पर हिंदी प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने इसे सकारात्मक और सराहनीय पहल बताया। मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री नरेंद्र ने कहा कि राजभाषा के व्यापक प्रसार के लिए निरंतर और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। बैठक के दौरान राजभाषा विभाग की हिंदी ई-पत्रिका बीएनआर (अंक-10) का महाप्रबंधक द्वारा विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विद्युत सामान्य इंजीनियर श्री वी. पी. सर्राफ ने सोलर पैनल विषय पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। बैठक का संचालन राजभाषा अधिकारी श्रीमती रीता कायम ने किया।

## रेल मंत्रालय के सहयोग से खरीफ-रबी 2025 में उर्वरक आपूर्ति को नई रफ्तार

**नई दिल्ली :** किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। खरीफ और रबी 2025 के दौरान रेल मंत्रालय और उर्वरक विभाग के बीच बेहतर समन्वय से उर्वरक रेकों की आवाजाही को अभूतपूर्व गति मिली, जिससे राज्यों में खाद की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित हुई। विभाग के अनुसार इस तालमेल ने देशभर में खाद्य सुरक्षा के संकल्प को और मजबूती दी है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2025 में औसतन 72 रेक प्रतिदिन लोड किए गए, जो अगस्त में 78 और सितंबर में बढ़कर 80 रेक प्रतिदिन तक पहुंच गए। यह पिछले पांच खरीफ सत्रों में सर्वाधिक स्तर है। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच प्रमुख उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई। यूरिया की 312.40 लाख मीट्रिक टन आवश्यकता के मुकाबले 350.45 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया। वहीं पी एंड के उर्वरकों (डीएपी, एमओपी, एनपीकेएस) की 252.81 लाख मीट्रिक टन आवश्यकता के मुकाबले 287.69 लाख मीट्रिक टन आपूर्ति की गई। इस अवधि में कुल 530.16 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की ढुलाई हुई, जो पहली बार 500 लाख मीट्रिक टन से अधिक है और पिछले वर्ष की समान अवधि से 12.2 प्रतिशत ज्यादा है।




प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

## अजित पवार की अस्थियों को बारामती के पास दो नदियों के संगम पर विसर्जित किया गया

**पुणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का दाह संस्कार किए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को उनके गृहनगर बारामती में नीरा और करहा नदियों के संगम पर उनकी अस्थियां विसर्जित की गईं।



इससे पहले दिन में अजित पवार के दोनों बेटों ने अंतिम संस्कार स्थल से उनकी अस्थियां एकत्र कीं। बुधवार को पुणे जिले के बारामती में एक विमान दुर्घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी। बृहस्पतिवार को बारामती के विद्या प्रतिष्ठान कॉलेज मैदान में प्रमुख नेताओं और हजारों लोगों की उपस्थिति में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अजित पवार का अंतिम संस्कार किया गया था।

## कोलकाता में सनातनी राष्ट्र अधिवेशन 2026, बंगाल के जिलों से उमड़ा धर्मावलंबियों का जनसमूह




**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री राम स्वाभिमान परिषद की ओर से गुरुवार शाम को कोलकाता के इंटाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टेंगरा (सील लेन) में सनातनी राष्ट्र अधिवेशन 2026 का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में बंगाल के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए।कार्यक्रम में 200 से अधिक हिंदुत्ववादी एवं सनातनी संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे। सभी ने सनातनियों के एकजुट रहने तथा धर्म और स्वयं की रक्षा के लिए संकल्प लिया।इस अधिवेशन में संतों से लेकर समाज के विभिन्न वर्गों के लोग हिंदू समाज के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर पर श्री राम स्वाभिमान परिषद के संस्थापक सचिव सूरज कुमार सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल को बचाने के लिए अब यह आवश्यक हो गया है कि सभी सनातनी, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े हों, धर्म, संस्कृति और अपने मठ-मंदिरों की रक्षा के लिए एकजुट हों। उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल से 200 से अधिक हिंदुत्ववादी संगठनों को आमंत्रित किया गया था। इन सभी के समन्वय से निकट भविष्य में एक रणनीति बनाकर आगे कार्य किया जाएगा। अधिवेशन के दौरान धर्म वीर पुरस्कार - 2026 उन लोगों को प्रदान किया गया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में हिंदुओं की रक्षा के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य बंगाल और बंगाल के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके लिए भाषा, जाति और राजनीतिक पहचान से ऊपर उठकर सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने इस दिशा में सामूहिक सहयोग की आशा और विश्वास व्यक्त किया।

## गुजरात में पुल से गिरने के बाद कार में आग लगी, तीन लोगों की मौत

**राजकोट :** गुजरात के राजकोट जिले में शुक्रवार सुबह एक कार के पुल से गिरने के बाद उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना गोंडल-अटकोट राजमार्ग पर सुबह लगभग साढ़े पांच बजे



तब हुई जब कार छोटा उदयपुर से गोंडल की ओर जा रही थी। पुलिस उपाधीक्षक नवीन चक्रवर्ती ने बताया कि कार आठ फुट ऊंचे पुल की दीवार से टकराने के बाद नीचे गिर गई। उन्होंने बताया कि गिरने के तुरंत बाद वाहन में आग लग गई, जिससे उसमें सवार लोग अंदर फंस गये। उन्होंने बताया कि हादसे में तीनों यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। चक्रवर्ती ने बताया कि शव बरामद कर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिए गए हैं, जबकि नमूनों को पहचान के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

## उत्तराखंड में 1.22 लाख करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं की समीक्षा प्रगति के माध्यम से की जा रही धामी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के सपने को साकार करने में 'प्रगति पोर्टल' की भूमिका को अहम बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इसके तहत वर्तमान में राज्य में 1.22 लाख करोड़ रुपये की 15 अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा की जा रही है। वर्ष 2015 में बनाए गए केंद्र सरकार के 'प्रो एक्टिव एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन' (प्रगति) पोर्टल विषय पर यहां पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि परियोजनाओं, योजनाओं एवं जन शिकायतों की त्वरित समीक्षा एवं समाधान के लिए बनाए गए इस पोर्टल की वजह से विकास की



योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरती हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 42 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिनमें से 1.22 लाख करोड़ रुपये की 15 अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा प्रगति के माध्यम से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 42 में से अब तक 10 योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं और 32 अन्य परियोजनाओं पर तेजी से काम जारी है। चार धाम सड़क परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है जिनकी प्रतिदिन समीक्षा प्रगति पोर्टल के माध्यम से हो रही है। उन्होंने कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, डिजिटल इंडिया का सपना साकार हो रहा है और इसमें प्रगति पोर्टल की अहम भूमिका है। भागीरथी इको सेंसेटिव जोन के कारण जल विद्युत परियोजनाओं में आ रही अड़चनों के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार इस चुनौतीपूर्ण परेशानी को दूर करने के प्रयास करने में जुटी हैं।

# भारतीय रेलवे ने 'कवच 4.0' की तैनाती में रचा कीर्तिमान, एक दिन में 472 किमी कमीशनिंग

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के संस्करण 4.0 की तैनाती में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एक ही दिन में 472.3 रूट किलोमीटर का सफल कमीशनिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह अब तक एक दिन और एक माह में सर्वाधिक कवच कमीशनिंग है। इसके साथ ही कवच 4.0 अब पांच रेलवे जोनों में कुल 1,306.3 रूट किलोमीटर तक विस्तारित हो चुका है। कमीशन किए गए प्रमुख खंडों में पश्चिम रेलवे का वडोदरा-विरार (344 किमी), उत्तर रेलवे का तुगलकाबाद जंक्शन केबिन-पलवल (35 किमी) और पूर्व मध्य रेलवे का मानपुर-सरमटनर (93.3 किमी)



शामिल हैं। दिल्ली-मुंबई चार-लाइन मार्ग के व्यस्त तुगलकाबाद-पलवल खंड पर कवच लागू होने से सुरक्षा और परिचालन विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार होगा। पूर्व मध्य रेलवे में मानपुर-सरमटनर खंड पर कवच-सक्षम संचालन शुरू हो गया है। ट्रेन संख्या 13305 (सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस) पहली कवच-सुसज्जित सेवा रही। हेड-ऑन टक्कर परीक्षण के दौरान प्रणाली ने ट्रेन को स्वतः रोककर अपनी प्रभावशीलता साबित की। इस जोन में 4,235 रूट किमी पर कार्य प्रगति पर है। पश्चिम रेलवे में 30 जनवरी 2026 को वडोदरा-सूरत-विरार खंड पर ऐतिहासिक कमीशनिंग की गई। ट्रेन संख्या 20907 (दादर-भुज सायाजी नगरी एक्सप्रेस) पहली कवच-सुसज्जित ट्रेन बनी। कवच 4.0 आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित, एसआईएल-4 स्तर की उन्नत सुरक्षा प्रणाली है, जो टक्कर रोकथाम, ओवरस्पीड नियंत्रण और खराब मौसम में भी सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करती है। यह पहल सुरक्षित और आत्मनिर्भर रेलवे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## असम सरकार माध्यमिक विद्यालयों के लिए इतिहास की पाठ्यपुस्तकों को फिर से लिखेगी हिमंत

**धेमाजी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने शिक्षा विभाग को माध्यमिक विद्यालयों के लिए इतिहास की पाठ्यपुस्तकों को फिर से लिखने का निर्देश दिया है। हालांकि, हिमंत ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इतिहास की पाठ्यपुस्तकों को फिर से लिखने की आवश्यकता क्यों पड़ी। लेकिन उन्होंने पाठ्यपुस्तकों में शामिल अहोम योद्धा बाघ हजारिका के अस्तित्व पर सवाल उठाया। हिमंत ने दावा किया कि बाघ हजारिका ने अहोम सेनापति लाचित बड़फुकन के साथ मुगलों के खिलाफ कभी कोई युद्ध नहीं लड़ा था। उन्होंने यहां करेंग चपोरी में 'तकम मिसिंग पोरिन केबांग' की ओर से आयोजित 10वें 'मिसिंग यूथ फेस्टिवल' के समापन समारोह में कहा, सरायघाट



की लड़ाई में लाचित बड़फुकन के साथ कोई बाघ हजारिका नहीं था। कामरूप में मुगलों के खिलाफ लड़ने वाले मिसिंग नेता मीरी हांडीक थे। बताया जाता है कि बाघ हजारिका के नाम से मशहूर इस्माइल सिद्दीकी 17वीं शताब्दी के एक अहोम योद्धा थे, जिन्होंने 1671 में सरायघाट में मुगलों के खिलाफ अहोम सेनापति लाचित बड़फुकन के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी। यह भी बताया जाता है कि बाघ हजारिका का जन्म वर्तमान शिवसागर जिले के गढ़गांव के पास ढेकेरीगांव गांव में एक असमिया मुस्लिम परिवार में हुआ था। हिमंत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कहा, हमने माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले इतिहास को फिर से लिखने का फैसला किया है। मैंने (असम के शिक्षा मंत्री) रानोज पेगू को इस बारे में बता दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो10 मलेशिया टूर्नामेंट स्थगित, टी20 विश्व कप के बाद होगा

**कुआलालंपुर:** प्रो10 मलेशिया क्रिकेट टूर्नामेंट तकनीकी कारणों से स्थगित कर दिया गया है जो 30 जनवरी से दो फरवरी तक होना था। अब यह भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। प्रो10 मलेशिया से भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री जुड़े हैं जबकि सर विवियन रिचर्ड्स इसके ब्रांड दूत हैं। आयोजकों ने कहा कि नयी तारीखों का ऐलान विश्व कप के बाद किया जायेगा और टीमों की संख्या तीन से बढाकर चार की जायेंगी।

### आईओए प्रमुख पी टी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन



**कोझिकोड (केरल):** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पी टी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मोदी ने उषा से फोन पर बात करके अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर श्रीनिवासन ने उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा। उनका यह समर्थन उषा की अनगिनत उपलब्धियों के पीछे प्रेरक शक्ति माना जाता था।

# पांचवें टी20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर रहेगी नजर



**तिरुवनंतपुरम:** टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम शनिवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरेगी तो उसकी नजर संजू सैमसन की फॉर्म और अक्षर पटेल की फिटनेस पर रहेगी। श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी टीम इंडिया 4-1 की जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी। विशाखा-पत्तनम में खेले गए चौथे मुकाबले में भारत ने संयोजन में बदलाव करते हुए पांच विशेषज्ञ गेंदबाज खिलाए और हार्दिक पंड्या व शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं कराई। हालांकि भारत वह मैच हार गया, लेकिन इससे श्रृंखला परिणाम पर असर नहीं पड़ा। अंतिम मैच में टीम प्रबंधन गेंदबाजी आक्रमण में फेरबदल कर सकता है और वरुण चक्रवर्ती की वापसी संभव है। सबसे अधिक चर्चा सैमसन को लेकर है, जो इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी तकनीकी खामियां चिंता का विषय रही हैं। हालांकि अपने गृह नगर तिरुवनंतपुरम में खेलना उनके लिए आत्मविश्वास लौटाने का अवसर हो सकता है। टीम के आगमन पर प्रशंसकों का उत्साह यह दर्शाता है कि वह यहां बड़े सितारे हैं। ईशान किशन मजबूत विकल्प के रूप में मौजूद हैं, हालांकि वह पिछले मैच में हल्की चोट के कारण नहीं खेले थे। अक्षर पटेल उंगली की चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी है। विश्व कप से पहले टीम उन्हें लय में देखना चाहेगी। ग्रीनफील्ड स्टेडियम पर रनों की बारिश होती रही है और भारत यहां मजबूत रिकॉर्ड रखता है। न्यूजीलैंड भी वापसी की कोशिश करेगा, जिससे रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

### अभिषेक को दबाव में रखना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण: हेनरी

**तिरुवनंतपुरम:** अभिषेक शर्मा भले ही दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए बुरे सपने की तरह हों, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी के पास इस भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक सरल रणनीति है, लगातार सटीक गेंदबाजी करके उन्हें दबाव में रखना। विशाखापत्तनम में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हेनरी ने अभिषेक को गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) कर दिया था, जिससे कीवी टीम को यह मैच 50 रन से जीतने में मदद मिली थी। हेनरी ने यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'पिछले दो वर्षों से वह शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।'

## अल्काराज और जोकोविच भिड़ेंगे ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में



**मेलबर्न:** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने अपने उतार चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए। अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे।

## मेनन चौथे टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे, पद्मनाभन का पदार्पण

**दुबई:** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए घोषित मैच अधिकारियों की सूची में भारत के अनुभवी अंपायर नितिन मेनन चौथी बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अंपायरिंग करते नजर आएंगे। वहीं, केएनए (अनंत) पद्मनाभन इस वैश्विक प्रतियोगिता में अपना पदार्पण करेंगे। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट सात फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी एलीट पैनल में शामिल एकमात्र भारतीय मेनन इससे पहले 2021, 2022 और 2024 के टी20 विश्व कप में अंपायरिंग कर चुके हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन ग्रुप सी में स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मुकाबले में वह सैम नोगाज्स्की के साथ मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। इंदौर निवासी मेनन हाल में भारत-न्यूजीलैंड टी20 श्रृंखला में



व्यस्त हैं और शनिवार को अपने करियर का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच (सभी प्रारूप मिलाकर) अंपायर करेंगे, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय अंपायर बन जाएंगे। घोषित सूची में तीसरे भारतीय के रूप में जयरमन मदनगोपाल शामिल हैं, जो अपने दूसरे टी20 विश्व कप में अंपायरिंग करेंगे। श्रीलंका के कुमार धर्मसेना, जिन्होंने 2016 और 2022 के फाइनल में अंपायरिंग की थी, इस बार भी प्रमुख मुकाबलों में नजर आएंगे।

# भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों ने पद्मनाभस्वामी मंदिर में की पूजा

**तिरुवनंतपुरम:** न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और टी20 के अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कम से कम सात सदस्यों ने शुक्रवार को सुबह श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। सूत्रों के अनुसार, खिलाड़ी 29 जनवरी को तिरुवनंतपुरम पहुंचे और शुक्रवार सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर मंदिर का दौरा किया। मंदिर के लिए पारंपरिक परिधान में पहुंचे इस समूह में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, ऑलराउंडर अक्षर पटेल तथा बल्लेबाज रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती शामिल थे। इसके अलावा गेंदबाज कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई तथा फील्डिंग कोच टी दिलीप भी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। निर्णायक मुकाबले से पहले भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए




टीम के सदस्य मंदिर में 30 मिनट तक रहे। समृद्ध इतिहास और अलंकृत वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर दक्षिण भारत के सबसे पूजनीय हिंदू तीर्थ स्थलों में से एक है। सूत्रों ने बताया कि मंदिर के पदाधिकारियों ने क्रिकेटरों को तिरुवनंतपुरम शहर और श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के महत्व के बारे में बताया। तिरुवनंतपुरम का अर्थ है भगवान अनंत का नगर। इस शहर का नाम श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के नाम पर पड़ा है और यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। दूर दूर से श्रद्धालु श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर आते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शनिवार को खेला जाएगा।

## अमेरिका ने टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, मोनांक पटेल होंगे कप्तान

**दुबई:** अमेरिका ने पिछले चरण में खेलने वाले 15 में से 10 खिलाड़ियों को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को टीम में शामिल किया। अमेरिका पहले मैच में मुंबई में सह-मेजबान और गत चैंपियन भारत से भिड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पिछले साल 23 सितंबर को आईसीसी सदस्यता मानदंड के गंभीर उल्लंघन के कारण अमेरिका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था। इसलिए टीम का चयन एक नयी चयन प्रक्रिया के तहत



किया गया है जिसे आईसीसी और अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति के साथ मिलकर तैयार किया गया है। अमेरिका ने पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान जैसे पूर्ण सदस्यीय देश को हराया था और सुपर आठ चरण तक पहुंचा था। अमेरिका ने तैयारियों के लिए श्रीलंका में कई हफ्तों तक ट्रेनिंग की। अमेरिका को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ रखा गया है।

**टीम इस प्रकार है :**

मोनांक पटेल (कप्तान), जेसी सिंह (उप कप्तान), एंड्रीज गौस, शेहान जयसूर्या, मिलिंद कुमार, शयान जहांगीर, साईतेजा मुक्कामाला, संजय कृष्णमूर्ति, हरमीत सिंह, नोस्थुश केंजिगे, शैडले वान शाल्कविक, सौरभ नेत्रावलकर, अली खान, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने।

## सिद्धेश लाड के पांचवें शतक से मुंबई का पलड़ा दिल्ली पर भारी

**मुंबई:** संकटमोचक सिद्धेश लाड के सत्र के पांचवें शतक की मदद से मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के आखिरी लीग मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में बढत बना ली। तैंतीस वर्ष के लाड ने 178 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 102 रन बनाये। यह रणजी ट्रॉफी में उनका लगातार चौथा शतक है जिसकी मदद से मुंबई ने पांच विकेट पर 266 रन बना लिये हैं। लाड ने सुवेद पारकर (नाबाद 53) के साथ छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 130 रन जोड़ लिये हैं। इससे पहले दिल्ली ने पहली पारी में 221 रन बनाये थे। लाड ने मुंबई के लिये रणजी के एक सत्र में कम से कम पांच शतक लगाने वाले सचिन तेंदुलकर और रूसी मोदी की बराबरी की। सरफराज खान 24 रन पर आउट हो गए जबकि उनके भाई मुशीर ने 57 रन बनाये।



## विंग्स इंडिया में एएआई पवेलियन ने भारत की विमानन प्रगति की व्यापक झलक दिखाई



**नयी दिल्ली:** हैदराबाद : विंग्स इंडिया प्रदर्शनी में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने अपने विशेष पवेलियन के माध्यम से भारत के तेजी से विकसित हो रहे विमानन क्षेत्र की व्यापक और प्रेरक झलक प्रस्तुत की। इस पवेलियन में एएआई की भूमिका को देश के विमानन अवसंरचना के योजनाकार, विकासकर्ता, संचालनकर्ता और संरक्षक के रूप में रेखांकित किया गया, जो क्षेत्रीय हवाई पट्टियों से लेकर विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों तक विकास की यात्रा को दर्शाता है। पवेलियन का प्रमुख आकर्षण एनामॉर्फिक इमर्सिव डिस्प्ले रहा, जिसमें आधुनिक तकनीक और भारतीय सांस्कृतिक सौंदर्य के समन्वय से विकसित नए हवाई अड्डों को प्रदर्शित किया गया। विभिन्न थीम आधारित अनुभागों के माध्यम से देशव्यापी हवाई अड्डा कनेक्टिविटी, 'कला संकलन' के जरिए भारतीय कला-संस्कृति, तथा आर-सीएस-उड़ान योजना के तहत क्षेत्रीय विमानन सेवाओं के विस्तार को दर्शाया गया। आगंतुकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए इंटरएक्टिव एविएशन क्विज और डिजिटल सेल्फी पवेलियन भी लगाए गए, जहां लोगों को विमानन क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों से परिचित कराया गया। पवेलियन में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि भी दी गई। एएआई का यह पवेलियन भारत के विमानन क्षेत्र की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की संभावन-ाओं को प्रभावशाली ढंग से सामने लाता है।

# भारत-चिली एफटीए जल्द होगा पूरा, महत्व-पूर्ण खनिज क्षेत्र के खुलेंगे रास्ते: पीयूष गोयल




**नयी दिल्ली:** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चिली के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द ही संपन्न हो जाएगी। इस समझौते से घरेलू व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच आसान हो जाएगी। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के पास लिथियम, तांबा, रेनियम, मोलिब्डेनम और कोबाल्ट जैसे प्रमुख खनिजों का विशाल भंडार है। ये इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और सौर ऊर्जा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। ग्रेटर नोएडा में भारतीय सनदी लेखागार संस्थान (आईसीएआई) के एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा, 'हम कई विकसित देशों के साथ सक्रिय बातचीत कर रहे हैं... हम जल्द ही चिली के साथ एफटीए को अंतिम रूप देंगे। यह हमारे लिए महत्वपूर्ण खनिजों के रास्ते खोल देगा।' भारत और चिली ने 2006 में एक तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) को लागू किया था और अब इसे एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) में बदलने के लिए बातचीत कर रहे हैं। इस नए समझौते का उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, निवेश प्रोत्साहन, एमएसएमई और महत्वपूर्ण खनिजों सहित विभिन्न क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करना है। भारत और चिली के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी मध्यम स्तर पर है। वित्त वर्ष 2024-25 में चिली को भारत का निर्यात 2.46 प्रतिशत घटकर 1.15 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 72 प्रतिशत बढ़कर 2.60 अरब डॉलर हो गया। मंत्री ने यह भी बताया कि पिछले चार वर्षों में भारत ने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, न्यूजीलैंड, ओमान, ईएफटीए (ईएफटीए), ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) सहित आठ विकसित राष्ट्रों और समूहों के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से 32 प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है।

### वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में 21 जनवरी तक मजबूत वृद्धि रही: गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद इस साल 21 जनवरी तक देश से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, मंत्री ने इससे संबंधित आंकड़ों का खुलासा नहीं किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, 'भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात इस साल 21 जनवरी तक लगातार बढ़ रहा है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ता के बल पर हम अपने ही रिकॉर्ड तोड़ना जारी रखेंगे और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।' बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में देश का वस्तु निर्यात 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## न्यूज अपडेट

### केंद्र का राजकोषीय घाटा दिसंबर में बजट अनुमान के 54.5 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो 2025-26 के बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 56.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सरकार का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार की दिसंबर, 2025 तक कुल प्राप्तियां 25.25 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है।

### उद्योग को ऋण 13.3 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा: आरबीआई

**मुंबई:** उद्योग को बैंक ऋण दिसंबर, 2025 में 13.3 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.5 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आरबीआई ने कहा कि सालाना आधार पर 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल के समान पखवाड़े (27 दिसंबर 2024) में यह वृद्धि 11.1 प्रतिशत थी। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, सूक्ष्म और लघु' उद्योगों को दिए गए ऋण में तेज वृद्धि देखी गई, जबकि 'मझोले' उद्योगों में भी मजबूती बनी रही। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा, बड़े उद्योगों को ऋण भी बढ़ा। प्रमुख उद्योगों में 'बुनियादी ढांचा', 'इंजीनियरिंग', 'बुनियादी धातु और धातु उत्पाद', 'रासायनिक और रासायनिक उत्पाद', 'कपड़ा' और 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन' के बकाया ऋण में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

### विश्व बैंक ने भारत में अगले पांच साल में सालाना आठ से 10 अरब डॉलर वित्तपोषण की जतायी प्रतिबद्धता

**नयी दिल्ली:** विश्व बैंक समूह और भारत ने शुक्रवार को एक नए 'कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' (सीपीएफ) की घोषणा की। इसके तहत अगले पांच साल में सालाना आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत की वृद्धि के अगले चरण को गति देना और एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के उसके दृष्टिकोण को साकार करना है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विश्व बैंक समूह के साथ इस नए सीपीएफ का स्वागत किया, जो भारत के 'विकसित भारत' दृष्टिकोण के अनुरूप है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के नेतृत्व में आए दल से मुलाकात के बाद कहा कि सीपीएफ का उद्देश्य सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी भारत में अधिक रोजगार सृजित करना और विश्व बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि दोनों ने भारत के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण 'विकसित भारत' के समर्थन में भारत-विश्व बैंक सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, सार्वजनिक कोष को निजी पूंजी के साथ मिलाकर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिक रोजगार सृजित करना और बैंक समूह के वैश्विक ज्ञान से परियोजनाओं को समृद्ध बनाना गति और पैमाना दोनों स्तरों पर सतत प्रभाव सुनिश्चित करेगा। वित्त मंत्री ने विकास साझेदारी के महत्व पर जोर दिया जो वित्तपोषण से परे जाकर ज्ञान साझा करने, तकनीकी सहायता और वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के आदान-प्रदान को भी शामिल करती है। विश्व बैंक ने बयान में कहा कि भारत-विश्व बैंक समूह के बीच नई रणनीतिक साझेदारी देश में इस वैश्विक रोजगार रणनीति को लागू करती है और अगले पांच वर्षों में प्रतिवर्ष आठ से 10 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण के साथ इसका समर्थन करती है, ताकि रोजगार सृजित किया जा सके और बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र की पूंजी जुटाई जा सके। इसमें कहा गया है कि इस नई साझेदारी के केंद्र में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में रोजगार सृजन है। भारत के श्रम बाजार में प्रति वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा प्रवेश कर रहे हैं, इसलिए रोजगार से समृद्ध क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ावा देना देश की वृद्धि के अगले चरण के लिए प्राथमिकता है।

## भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए मजबूत घरेलू निजी निवेश जरूरी: राजन

**नयी दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि जब तक भारत में घरेलू निजी निवेश नहीं बढ़ेगा, तब तक देश अपेक्षा के मुताबिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं कर पाएगा। राजन ने कहा कि भारत में कंपनियों के निवेश में सतत रूप से वृद्धि नहीं हो रही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें यह अजीब नहीं लगता कि जिस देश में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2025-26) है, जो दुनिया में किसी भी देश के मुकाबले सबसे अधिक है, वहां से पूंजी बाहर जा रही है, राजन ने कहा, 'अगर आपका निजी क्षेत्र भी निवेश कर रहा होता, तो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आता, लेकिन आपका निजी



क्षेत्र निवेश नहीं कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'इसलिए, यहां कुछ कमी है और हो सकता है, जैसा कि कुछ लोगों ने तर्क दिया है, यह नीतिगत अनिश्चितता के कारण हो।' राजन ने यह भी कहा कि इन समस्याओं का समाधान संभव है और सरकार मजबूत वृद्धि दर हासिल करने के लिए आर्थिक सुधारों में रुचि दिखा रही है। उन्होंने कहा, 'क्योंकि एक बार जब हम घरेलू निवेश, यानी अपनी कंपनियों के निवेश को ठीक कर लेंगे, तो हम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी ठीक कर सकते हैं।' राजन ने कहा कि तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि यह जानना जरूरी है कि विदेशी पूंजी भारत से बाहर क्यों जा रही है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दूसरा कारण अमेरिका-भारत संबंधों में अनिश्चितता है। अगर 50 प्रतिशत शुल्क का यह दबाव हट जाता है, तो हम वास्तव में अधिक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भाग ले सकेंगे और यह भारत के लिए बहुत फायदेमंद होगा।'

## आईटी, धातु शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी थमी; सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक की गिरावट आई, जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी और अन्य जिंस शेयरों में बिकवाली दबाव के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। हालांकि, कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से तेज गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,424 में तेजी रही



जबकि 1,783 में गिरावट आई जबकि 160 के भाव में बदलाव नहीं आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'आम बजट से पहले भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। आईटी और धातु शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांकों में गिरावट आई। दुनिया के विभिन्न देशों में वृद्धि को लेकर चिंता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि के कारण आईटी क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मजबूत होने के बीच सोने और चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई।' नायर ने कहा, 'लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपये की विनिमय दर में लगातार गिरावट ने बाजार के माहौल को सतर्क बनाए रखा है।' उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और शुल्क दबाव के बढ़ने के बीच आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने और राजकोषीय अनुशासन पर संकेतों के लिए केंद्रीय बजट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

**वर्ष 10, पूर्णांक 3489 अंक 299 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in